हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 25 अक्टूबर 2025
बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया





## खबर संक्षेप

### जोनल स्टेशन की पटरी पर नहीं दिखती अंत्योदय एक्सप्रेस



**बिलासपुर।** जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर के जनरल यात्रियों को आरामदायक सफर की सुविधा के लिए गद्देदार सीट वाली बिलासपुर-बीकानेर और एलटीटी-टाटा के बीच चलने वाली अंत्योदय एक्सप्रेस को अचानक रेलवे बोर्ड ने बंद कर दिया, जिसकी वजह से इन दोनों रूट पर चल रही ट्रेनों के जनरल कोच में यात्रियों की भीड़ अधिक हो गई है।वर्ष 2018 में रेलवे बोर्ड ने जनरल कोच में होने वाली भीड़ को कम करने और ज्यादा से ज्यादा यात्रियों को आरामदायक सफर की सुविधा के लिए सभी रेलवे के साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन को भी अंत्योदय एक्सप्रेस की सौगात दी थी। इसमें रायपुर से उसलापुर होते हुए फिरोजपुर की ओर जाने वाली अंत्योदय एक्सप्रेस, टाटा से एलटीटी के बीच बिलासपुर होकर चलने वाली अंत्योदय और एक अंत्योदय 14719/14720 नम्बर के साथ बिलासपुर से बीकानेर के बीच वर्ष 2018 में शुरु की गई थी। सभी जनरल अनारक्षित कोच में स्मोक डिटेक्टर, अग्निशमन यंत्र, सीसीटीवी कैमरे, शुद्ध पानी के लिए वाटर प्यूरीफायर, एलईडी लाइट के साथ अत्याधुनिक बायो टायलेट व डस्टबिन, दृष्टिहीन यात्रियों के लिए ब्रेल डिस्प्ले, अत्याधुनिक रेल डिब्बे, मोबाइल फोन चार्जिंग पिन पाइंट जैसी सुविधा थी। लंबी दूरी की अंत्योदय एक्सप्रेस के कोच में लगे गद्देदार सीट में यात्रियों को आरामदायक सफर करने की सुविधा भी मिल रही थी। शुरुआत में ट्रेन के सभी कोच में यात्रियों की काफी भीड़ रहती थी। इस ट्रेन को रेलवे बोर्ड ने वर्ष 2019 तक यानि एक साल तक परिचालन किया, इसके बाद अचानक ट्रेन को कोरोना काल के बाद शुरु नहीं किया गया। कोरोना के बाद जब सारी ट्रेनों के पहिए पटरी पर आए तो अंत्योदय का नामो निशान गायब हो चुका था।

### दो दिवसीय डाक टिकट प्रदर्शनी 31 से इतिहास की दिखेगी झलक

**बिलासपुर।** बिलासपुर डाक संभाग द्वारा 31 अक्टूबर से 1 नवम्बर तक दो दिवसीय जिला स्तरीय डाक टिकट प्रदर्शनी ''बिलासापेक्स-2025'' का आयोजन राघवेन्द्र राव सभा भवन, कंपनी गार्डन के पास सुबह 10 बजे से किया जाएगा। प्रदर्शनी में डाक संभाग के सभी डाक टिकट संग्रहकर्ता भाग लेंगे। उक्त प्रदर्शनी के माध्यम से डाक टिकट के विकास एवं समग्र इतिहास की झलक, राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय ऐतिहासिक घटनाक्रम इत्यादि की जानकारी प्राप्त होगी। साथ ही साथ शालेय छात्र-छात्राओं को प्रदर्शनी में महापुरूषों, खेल, ज्ञान-विज्ञान, प्रकृति, पर्यावरण, वन्य जीव-जन्तु, विभिन्न देश-विदेशों की कला संस्कृति आदि की रोचक जानकारी प्राप्त होगी। उक्त रोचक व ज्ञानवर्धक डाक टिकट प्रदर्शनी का अवलोकन विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास के लिए लाभदायक होगा। विभाग द्वारा प्रदर्शनी स्थल पर ही माई स्टेम्प योजना की सुविधा दी जाएगी। इस योजना के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति अपनी फोटो डाक टिकट के साथ छपवा सकता है। माई स्टेम्प योजना के डाक टिकट विभिन्न प्रकार के सीटों में उपलब्ध है। इच्छुक व्यक्ति अपना स्वयं का फोटो एवं परिचय पत्र के साथ आवेदन पत्र भर कर निर्धारित शुल्क 300 रुपए अदा कर उक्त डाक टिकट की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। आवेदक को 5 रुपए मूल्यवर्ग के कुल 12 टिकटों का एक सेट प्रदान किया जाता है। डाकघर अधीक्षक ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे इस दो दिवसीय डाक टिकट प्रदर्शनी का अवलोकन कर रोचक एवं ज्ञानवर्धक जानकारी प्राप्त करें।

### करमा महोत्सव के लिए 27 तक जनपदों में पंजीयन

**बिलासपुर।** आदिम जाति एवं अनुसूचित विकास विभाग द्वारा करमा महोत्सव 2025 के लिए कार्यक्रम जारी किया गया है। जिसके अनुसार 28 अक्टूबर से लेकर 31 अक्टूबर तक विकासखंड स्तरीय करमा नृत्य महोत्सव आयोजित होगा। खण्ड स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए जनपद पंचायतों में 27 अक्टूबर तक इच्छुक दलों को पंजीयन कराना होगा। खण्ड स्तरीय आयोजन बिल्हा में 28 अक्टूबर, मस्तूरी में 29 अक्टूबर, तखतपुर में 30 अक्टूबर एवं कोटा में 31 अक्टूबर को किया जाएगा। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार करमा महोत्सव का आयोजन ग्राम स्तर से लेकर जनपद, जिला एवं राज्य स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। राज्य स्तरीय कार्यक्रम 15 नवम्बर को होगा। विकासखण्ड के ग्राम स्तर पर नर्तक दल अपना पंजीयन जनपद पंचायतों में दर्ज कराकर कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं। जिला स्तरीय करमा महोत्सव 1 नवम्बर से 7 नवम्बर तक आयोजित होगा, जिसमें चयनित एक करमा नर्तक दल को राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रतिनिधित्व का अवसर मिलेगा। राज्य स्तरीय आयोजन 8 नवम्बर से 15 नवम्बर तक किया जाएगा। कार्यक्रम में भाग लेने वाले चयनित ग्रामों के करमा नर्तक दलों को प्रति ग्राम 2 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि जनपद पंचायतों के माध्यम से प्रदान की जाएगी। वहीं, विकासखण्ड स्तरीय कार्यक्रमों के संचालन के लिए प्रति विकासखण्ड 1 लाख रुपए की राशि निर्धारित की गई है।

### कसौंधन वैश्य समाज ने दृष्टिबाधित एवं असहाय बच्चों के साथ दिवाली मनाई

**बिलासपुर।** अभा कसौंधन वैश्य गुप्ता महासभा ट्रस्ट पंजीकृत ने दृष्टि बाधित, असहाय व मुख बधिर बच्चों के साथ दिवाली मनाया। इस बार उन्हें नए कपड़े, लाई, बताशा, तेल, मिठाई दीये व दिया एवं फुलझड़ियां जलाकर दिवाली मनाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज के किशोरी शरण गुप्ता, अजय गुप्ता, दुर्गेश गुप्ता, ज्ञान गुप्ता, राजेश गुप्ता, विनोद गुप्ता, निशा गुप्ता, रिशेष गुप्ता, विशेष गुप्ता, दीपा गुप्ता, चंद्रकांत गुप्ता, विजय गुप्ता, अनिल गुप्ता, रमेश गुप्ता, राजेश गुप्ता, सुजाता गुप्ता, सीता गुप्ता आदि का सहयोग रहा।

अभी तक 7 हजार स्टूडेंट्स ने कराया रजिस्ट्रेशन | पिछले साल 13 हजार 418 प्राइवेट परीक्षार्थियों ने भरा था फार्म

# सेमेस्टर सिस्टम लागू होने के बाद प्राइवेट परीक्षार्थियों की संख्या घटी

**बिलासपुर।** कालेजों में प्राइवेट परीक्षार्थियों की संख्या में कमी दिखाई दे रही है। यह स्थिति नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति और सेमेस्टर सिस्टम लागू होने के बाद बनी है। अभी तक 7 हजार प्राइवेट वाले स्टूडेंट्स ने आनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया है, जबकि पिछले साल कुल 13 हजार 418 प्राइवेट परीक्षार्थियों ने फार्म भरा था।

इस तरह से देखा जाए तो पिछले साल की तुलना में इस सत्र अभी तक प्राइवेट परीक्षार्थियों की संख्या आधा पहुंची है। उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश में पिछले साल से नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति कालेजों में लागू किया है। इससे कालेजों की शिक्षा में काफी आमूलचूल परिवर्तन हुआ है। नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद कालेजों में रेगुलर स्टूडेंट्स का सेमेस्टर सिस्टम से अध्ययन-अध्यापन हो रहा है। यह सेमेस्टर सिस्टम रेगुलर स्टूडेंट्स के लिए तो है ही साथ में प्राइवेट परीक्षार्थियों को भी इसी सिस्टम से एग्जाम देना पड़ेगा। इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति तहत नई स्वाध्यायी नीति लाई है। इस स्वाध्यायी नीति अंतर्गत पूर्व से चली आ रही प्राइवेट परीक्षा की व्यवस्था में काफी बदलाव किया गया है। इससे कालेजों में प्राइवेट परीक्षार्थियों की संख्या में असर पड़ा है। पिछले साल नई स्वाध्यायी नीति तहत अटल यूनिवर्सिटी अंतर्गत फर्स्ट सेमेस्टर में 13 हजार 418 प्राइवेट परीक्षार्थियों ने फार्म भरा था। इस बार तो प्राइवेट परीक्षा की पेचिदगी को देखते हुए प्राईवेट परीक्षार्थियों का आंकड़ा पिछले साल जितना भी नहीं पहुंचा है।

### रेगुलर के आसपास रहती थी प्राइवेट स्टूडेंट्स की संख्या

स्नातक या स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में जो छात्र-छात्राएं रेगुलर विद्यार्थी के रूप में कॉलेजों में एडमिशन नहीं ले पाते हैं, उनके लिए पढ़ाई पूरी करने तथा डिग्री प्राप्त करने के लिए प्राइवेट परीक्षा एक विकल्प होता है। इसलिए पूर्व में प्राइवेट परीक्षार्थियों की संख्या भी काफी अधिक होती थी। स्नातक व स्नातकोत्तर दोनों ही पाठ्यक्रमों में प्राइवेट परीक्षार्थियों की संख्या लगभग रेगुलर छात्रों के संख्या के आसपास ही रहती थी, किन्तु सेमेस्टर सिस्टम आने के बाद रेगुलर छात्रों के मुकाबले प्राईवेट छात्रों की संख्या कम हो गई है।

### क्लास अटेंड करने के साथ इंटर्नल दिलाना पड़ेगा

राष्ट्रीय शिक्षा नीति स्वाध्यायी विद्यार्थी नीति अंतर्गत प्राइवेट परीक्षार्थियों को भी रेगुलर स्टूडेंट्स की तरह कुछ दिनों का क्लास अटेंड करना होगा और इंटर्नल एग्जाम भी दिलाना होगा। स्वाध्यायी विद्यार्थियों के लिए स्नातक पाठयक्रम यूनिवर्सिटी के अध्यादेश चार वर्षीय इंटीग्रेटेड प्रोग्राम के अनुसार अध्यादेशित होंगे। सभी राजकीय यूनिवर्सिटी एवं गवर्नमेंट कालेजों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने के कारण एकरूपता लाने के लिए स्वाध्यायी विद्यार्थियों के लिए यह नीति लागू किया गया है। इसके अनुसार स्वाध्यायी विद्यार्थियों को भी दो बार इंटर्नल एग्जाम दिलाना होगा और उनका भी असाइनमेंट होगा।

### 30 घंटे की प्रेक्टिकल क्लास, लैब वर्क

प्रायोगिक विषयों के स्वाध्यायी विद्यार्थियों के लिए सेमेस्टर एग्जाम के 45 दिवस पूर्व प्रेक्टिकल क्लास, लैब वर्क का संचालन अनिवार्य रूप से किया जाना है और पाठयक्रम के आधार पर प्रायोगिक कार्य पूर्ण करना है। प्रत्येक स्वाध्यायी विद्यार्थी को 30 घंटे की प्रैक्टिकल क्लास, लैब वर्क करना है जो एक क्रेडिट के बराबर होगा। इसके अलावा संबंधित कालेजों को अपने यहां पंजीकृत स्वाध्यायी विद्यार्थियों के लिए कालेज के नियमित शैक्षणिक कार्य के पश्चात अतिरिक्त बचे समय या अवकाश दिवस में भौतिक या आनलाइन रूप से क्लास आयोजित करना है।

### कम हो रही है परीक्षार्थियों की संख्या

नई शिक्षा नीति आने के बाद प्राइवेट वालों के लिए नई स्वाध्यायी नीति लागू की गई है। प्राइवेट विद्यार्थियों को भी अब साल में दो बार सेमेस्टर सिस्टम से परीक्षा में शामिल होना पड़ेगा, साथ ही क्लास अटेंड एवं लैब वर्क भी करना होगा। नए सिस्टम में काफी बदलाव आया है इसलिए अभी विद्यार्थी उसे ठीक से समझ नहीं पा रहे हैं। इस सब वजहों से प्राइवेट वालों की संख्या कम हो रही है।

**-प्रवीण पांडेय,** क्षेत्रीय अपर संचालक, उच्च शिक्षा

बिलासपुर वन मंडल ने पांच साल मेंटनेंस कर छोड़ा, रेलवे भी नहीं दे रही ध्यान

# शराबियों और मवेशियों के काम आ रहा तीन करोड़ का आक्सीजोन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में हरियाली लाने के उद्देश्य से चुचुहियापारा में रेलवे की भूमि पर वन विभाग ने 3 करोड़ रुपए की लागत से 9,000 से अधिक पौधे लगाकर और पांच साल तक उनका मेंटनेंस किया था, लेकिन अब यह आक्सीजन क्षेत्र शराबियों और असामाजिक तत्वों का अड्डा बनने के साथ मवेशियों के चरने के काम आ रहा है। पांच साल तक देखरेख करने के बाद बिलासपुर वन मंडल ने इसे छोड़ दिया है। वहीं रेलवे की जमीन पर हरे-भरे आक्सीजोन को संवारने की ओर अफसर भी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

वर्ष 2014 में राज्य शासन के निर्देश पर वन विभाग ने बिलासपुर के चुचुहियापारा इलाके में रेलवे की 27 एकड़ भूमि पर आक्सीजन ज़ोन विकसित करने के लिए 3 करोड़ रुपए खर्च किए थे। इस परियोजना के तहत मिश्रित प्रजातियों साल, साजा, मुंडी, धावड़ा, पीपल, बहेड़ा, जामुन, आम, सीताफल, आंवला आदि लगभग 8,140 छायादार और फलदार पौधे लगाए गए थे। इस योजना के तहत वन विभाग ने 5 साल तक इन पौधों की देखभाल की, जिसमें पानी का छिड़काव और अन्य रख-रखाव कार्य शामिल थे। पौधों की देखभाल और सुरक्षा के लिए शुरू में दो चौकीदार लगाए गए थे, लेकिन 5 साल के बाद वन विभाग ने इनकी निगरानी पर ध्यान देना बंद कर दिया। इसके बाद चौकीदारों ने भी ड्यूटी छोड़ दी, और कोई भी अधिकारियों ने इस क्षेत्र पर ध्यान नहीं दिया। इसका फायदा असामाजिक तत्वों ने उठाया। आक्सीजन जोन की सुरक्षा के लिए लगाई गई बाउंड्री वॉल और फेंसिंग पोल चोरी हो गए, और असामाजिक तत्वों ने इसे अपना ठिकाना बना लिया। अब यह क्षेत्र शराबियों और जुआरियों का अड्डा बन चुका है, जो सूरज ढलते ही यहां शराब पीने और जुआ खेलने आते हैं। वहीं चारों ओर फेंसिंग और पोल नहीं होने की वजह से मवेशी भी अंदर घुस रहे हैं।



### कट चुके हैं हजारों पेड़

आक्सीजन जोन की देखभाल की कमी के कारण आसपास के लोग पेड़ों की कटाई करने लगे। इस क्षेत्र में लगाए गए 8,140 पौधों में से सैकड़ों पेड़ अब कट चुके हैं, और अब वहां छायादार और फलदार वृक्षों का अभाव है। आक्सीजन ज़ोन पहले हरा-भरा दिखाई देता था, लेकिन अब यह विकृत और अनुपयुक्त हो चुका है।

### आक्सीजोन की स्थिति पर विचार

रेलवे की जमीन पर अनुमति लेने के बाद वन विभाग और नगर निगम की संयुक्त पहल पर इस आक्सीजन जोन का निर्माण किया गया था, लेकिन अब इसकी स्थिति खस्ता हो चुकी है। स्थानीय प्रशासन को इस पर जल्द कार्रवाई करनी चाहिए ताकि इस क्षेत्र को फिर से हरा-भरा और सुरक्षित बनाया जा सके।

### संबंधित विभाग को किया जाएगा सूचित

रेलवे की जमीन पर बेजाकब्जा करने वालों की संख्या काफी हो गई है, जिन्हें नोटिस भी दिया जा रहा है। चुचुहियापारा की ओर आक्सीजोन का स्थिति के संबंध में संबंधित विभाग से जानकारी लेकर सूचित किया जाएगा कि वर्तमान में वहां की वास्तुस्थिति क्या है।

**-अनुराग कुमार सिंह**
सीनियर डीसीएम,
रेल मंडल बिलासपुर

# स्वामी हरिहरानंद सरस्वती पहुंचे शहर, उमड़े श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

श्री दैवी सम्पद् मंडल के परमाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी हरिहरानंद सरस्वती महाराज इस समय बिलासपुर प्रवास पर हैं। इस अवसर पर श्रद्धालु पूजन में शामिल होकर महाराज श्री का दर्शन लाभ प्राप्त कर रहे हैं। यह सुखद संयोग है कि गुरूभक्तों को यह अवसर दीपावली के पावन अवसर पर प्राप्त हुआ।



महामंडलेश्वर स्वामी हरिहानंद सरस्वती रामा वर्ल्ड स्थित शिव अग्रवाल के निवास पर प्रवास पर हैं। जहां प्रतिदिन सुबह और संध्या के समय पूजन एवं आरती का आयोजन नियमित रूप से हो रहा है। बिलासपुर और आसपास क्षेत्र के श्रद्धालु - गुरु भक्त इस आयोजन में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं। साथ ही महाराज श्री का भी सानिध्य और संदेश प्राप्त हो रहा है।

### स्वामी हरिहानंद महाराज अमरकंटक रवाना होंगे आज

गुरुदेव के सभी भक्तों ने पूर्व की भांति इस बार भी आयोजन को सफल बनाने का संकल्प लिया। बैठक में आयोजन से संबंधित संपूर्ण जानकारी प्रदान की गई और उपस्थित सभी गुरु भक्तों ने यथायोग्य दायित्व का निर्वहन करने का आश्वासन दिया। स्वामी हरिहानंद जी महाराज 25 अक्टूबर को भी बिलासपुर के ही प्रवास पर रहेंगे और यहां से अमरकंटक आश्रम के लिए प्रस्थान करेंगे।

### ये रहे शामिल

भोलाराम जी मित्तल, महेश अग्रवाल इंदु, प्रवीण शुक्ला, रुद्र अवस्थी, उमाशंकर ठाकुर, अशोक अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, सुरेश गोयल, सुनील रानीसती, स्वामी रामरूप दास, दीपक अग्रवाल सीए, हर्ष वर्धन, मंजरी दीदी, भूपेन्द्र पाण्डेय, राजेन्द्र शुक्ला, विभाग संघ चालक, अक्षय अलकारी, आरके अग्रवाल, शिवा कानबोर आदि शामिल हैं।

### अतिरुद्र महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ 26 नवंबर से झारखंड में

स्वामी हरिहरानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि गुरुदेव परमहंस स्वामी शारदानंद सरस्वती महाराज की पावन स्मृति में श्री देवी सम्पद् मंडल द्वारा सनातन संस्कार का दिव्य आध्यात्मिक आयोजन किया जा रहा है। अतिरुद्र महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन झारखंड देवघर के सर्राफ स्कूल मैदान में 26 नवंबर से 4 दिसंबर तक होगा। गुरुदेव परमहंस श्री स्वामी शारदानंद सरस्वती ने इस आयोजन की संकल्पना की थी। गुरूदेव की प्रेरणा और उनके आशीर्वाद से उनके शिष्य इस संकल्पना को मूर्त रूप प्रदान कर रहे हैं। परमहंस स्वामी शारदानंद सरस्वती महाराज ने महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ की पावन श्रृंखला प्रारंभ की थी। उस दौरान देश के कई स्थानों में भव्य आयोजन किए गए थे। इसी श्रृंखला में झारखंड के देवघर में यह आयोजन किया जा रहा है।

## नेत्र सहायक अधिकारी 1 नवंबर तक घर-घर जाकर नेत्र सर्वेक्षण करेंगे



**बिलासपुर।** शासन के निर्देशानुसार संपूर्ण नेत्र सुरक्षा कार्यक्रम का शुभारंभ तखतपुर में किया गया। यह कार्यकम सीएमएचओ एवं जिला नोडल अधिकारी डॉ. शुभा गरेवाल के मार्गदर्शन तथा सहायक नोडल अधिकारी राजेन्द्र शर्मा के निर्देशन में संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के सभी नेत्र सहायक अधिकारी 24 अक्टूबर से 1 नवंबर तक घर-घर जाकर नेत्र सर्वेक्षण करेंगे। इस दौरान आरएचओ द्वारा पूर्व में तैयार सर्वे सूची का सत्यापन सुपरवाईजर, मितानिन एवं आरएचओ के सहयोग से किया जाएगा। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. उमेश कुमार साहू, नेत्र सहायक अधिकारी, ब्लाक नोडल, एनपीसीबी, आर के साहू, संजय शुक्ला, पंचराम बंजारे, अनिल दुबे, शिव प्रसाद ध्रुव, संजू आदित्य, जेआर ध्रुव, अनुप सिंह, निधि गुप्ता, पवन चौहान, राजेन्द्र उजागर के नेतृत्व में अभियान नियोजित कार्ययोजना के तहत संचालित हो रहा है। तय कार्यक्रम के अनुसार शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वे कार्य किया जाएगा। सीएमएचओ डॉ. शुभा गरेवाल ने बताया कि यह सत्यापन कार्य पूरे राज्य में एक साथ आयोजित किया जा रहा है। बिलासपुर जिले में इसका शुभारंभ सीएमएचओ द्वारा ग्राम भरनी, सैदा एवं अमसेना में किया गया।

## सोसायटी ऑपरेटरों ने धान खरीदी के बहिष्कार की दी चेतावनी




**बिलासपुर।** धान खरीदी से ठीक पहले सहकारी समितियों में पदस्थ कंप्यूटर आपरेटरों ने मोर्चा खोल दिया है। अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर आपरेटर शुक्रवार को सैकड़ों की संख्या में कलेक्टोरेट पहुंचे।

ऑपरेटरों ने सूखत के लिए जिम्मेंदारी तय करने एवं आपरेटरों का विभाग तय करते हुए संबंधित विभाग में नियमितीकरण करने की भी मांग की है। आपरेटरों द्वारा मांग पूरी नहीं होने की स्थिति में चरणबद्ध आंदोलन करने एवं जरूरत पड़ने पर धान खरीदी प्रक्रिया का बहिष्कार करने की चेतावनी भी दी गई है। प्रदेश में पंद्रह नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ होनी है, लेकिन उससे पहले सोसायटी में पदस्थ ऑपरेटरों ने शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। आपरेटरों ने शुक्रवार को सैकड़ों की संख्या में पहले सड़क पर पदयात्रा करते हुए प्रदर्शन किया एवं कलेक्टोरेट पहुंचे। आपरेटरों द्वारा मांगे नहीं माने जाने की स्थिति में 28 अक्टूबर को प्रदेश स्तर पर महाहुंकार ज्ञापन रैली निकालने, 3 से 11 नवंबर तक संभाग स्तरीय अनिश्चितकालीन आंदोलन करने एवं 12 नवंबर से लंबित जायज मांगे माने जाने तक आंदोलनरत रहने की चेतावनी दी गई है।

राज्य गठन के 25 वीं वर्षगांठ पर कृषि महाविद्यालय में रजत जयंती महोत्सव

# जैविक कृषि मेला: किसानों को दी गई उपलब्धियों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राज्य गठन के 25 वीं वर्षगांठ पर कृषि विभाग द्वारा कृषि महाविद्यालय परिसर में रजत जयंती महोत्सव सह परम्परागत कृषि विकास योजनांतर्गत जिला स्तरीय जैविक कृषि मेला का आयोजन किया गया। इस महोत्सव के आयोजन का उद्देश्य राज्य की उपलब्धियों को प्रदेश के कोने-कोने तक पहुंचाना है।




इस दौरान होने वाले कार्यक्रमों में युवा, महिला, किसान समेत समस्त नागरिक आदि केन्द्र बिन्दु रहे। इनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए वर्ष 2050 के भावी छत्तीसगढ़ 50 के निर्माण में योगदान के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम में जैविक प्रदर्शनी कृषि संवर्गीय विभागों के द्वारा स्टाल लगाकर किया गया। कार्यक्रम में ड्रोन का प्रदर्शन कर किसानों को खेती में ड्रोन का उपयोग करने प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कृषि महाविद्यालय परिसर सभागार में किया गया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रमुख वैज्ञानिक डा. गीत शर्मा ने कृषि उत्पादकता बढ़ानें, जैविक उत्पादन करने नवाचार एवं नवीन वैज्ञानिक पध्दतियों की जानकारी दी। उप संचालक कृषि पीडी हथेश्वर ने वर्ष 2000 से वर्ष 2025 के बीच जिलें में कृषि एवं संवर्गीय विभाग की विभिन्न योजनाओं से कृषकों की खेती में हुए नवाचार, आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकी का उपयोग, फसलों का विविधीकरण से किसानों के फसल उत्पादन एवं उनकी आर्थिक स्थिति में हुई वृध्दि का प्रदर्शन किया।

### किसानों के लिए अनेक योजनाएं संचालित

मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवशी ने बताया कि 1 नवम्बर 2000 को छग राज्य की स्थापना से लेकर अब तक किसान हितैसी राज्य सरकार द्वारा किसानों के विकास के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है। इन 25 वर्षों में जिले के किसानों द्वारा कृषि क्षेत्रों में अनेक नवीन तकनीकों और वैज्ञानिक सोंच को अपनाया है, जिसे आज रजत जयंती महोत्सव कार्यक्रम के माध्यम से प्रदर्शित किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुसुईया जागेन्द्र कश्यप ने किया।इस दौरान जागेन्द्र कश्यप, चंद्रप्रकाश सूर्या, अनिल वर्मा, उमेश गौराहा, डा. एनके चौरे, पीडी हथेश्वर, उप संचालक कृषि, डा. गीत शर्मा, डां. संजय वर्मा, एके शुक्ला आदि मौजूद थे।

एजुकेशन प्लस

## टीसीएस ने चौकसे कॉलेज के 10 छात्रों का किया चयन



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ बिलासपुर क्षेत्र के उच्च शिक्षा और करियर विकास के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने 10 अक्टूबर को चौकसे कॉलेज ऑफ साइंस एंड कॉमर्स बिलासपुर में अपनी पहली कैम्पस भर्ती ड्राइव आयोजित की। इसमें टीसीएस ने कॉलेज के 10 प्रतिभाशाली छात्रों का चयन किया, जिससे बिलासपुर प्रमुख कॉर्पोरेट भर्ती मानचित्र पर आ गया।

टीसीएस द्वारा चयनित छात्र हिमांचल डनसेना, सानु मुल्ला, प्रवीण दास माणिकपुरी, सुयश त्रिपाठी, आवेश खान, शुभोदीप दासगुप्ता, टी. वैभव राव, सिबिन एम.वी, सिमरन देवांगन और आदिति चांदने शामिल हैं। टीसीएस के अधिकारियों ने कॉलेज कैंपस की सराहना की और पूरी भर्ती प्रक्रिया के दौरान सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। कंपनी के एचआर विभाग ने कॉलेज के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी को टीसीएस नागपुर कैंपस के दौरे के लिए आमंत्रित किया। चौकसे समूह के प्रबंध निदेशक डॉ. आशीष जायसवाल ने कहा कि यह उपलब्धि हमारी शैक्षणिक उत्कृष्टता और शिक्षा तथा उद्योग के बीच सेतु बनाए रखने की प्रतिबद्धता का प्रतिबिंब है। सीसीएससी के प्रिंसिपल डॉ. मंतोष सिन्हा ने कहा कि टीसीएस का यह दौरा क्षेत्र के छात्रों के लिए नए अवसर खोलता है। कुलसचिव अशुतोष पांडे, प्रो. विनोद सिंह खरसन ने कहा यह सफलता अधिक छात्रों को वैश्विक अवसरों की ओर प्रेरित करेगी।

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

# हरिभूमि बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 25 अक्टूबर 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया

पढ़ें पेज - 5




## खबर संक्षेप

### सीजी बोर्ड परीक्षा के लिए 31 तक भरे जाएंगे फार्म



**बिलासपुर।** दसवीं-बारहवीं सीजी बोर्ड एग्जाम 2026 के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्राइवेट परीक्षार्थी के तौर पर परीक्षा में शामिल होने के लिए 31 अक्टूबर तक फॉर्म भरे जा सकते हैं। अधिकारियों के मुताबिक बोर्ड परीक्षा मार्च के पहले सप्ताह से शुरू होगी। इसका शेड्यूल जल्द जारी होगा। इसे लेकर माध्यमिक शिक्षा मंडल से तैयारी की जा रही है। इधर, विलंब शुल्क के साथ 1 से 16 नवंबर तक आवेदन लिए जाएंगे। इसी तरह विशेष विलंब शुल्क के साथ 17 से 30 नवंबर तक आवेदन किए जा सकेंगे। ज्ञात हो कि पिछली बार की सीजी बोर्ड परीक्षा में करीब 5 लाख 61 हजार छात्र शामिल हुए थे। इस बार भी साढ़े पांच लाख छात्रों के आवेदन का अनुमान है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी माध्यमिक शिक्षा मंडल की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### आवासीय नक्शे पर कमर्शियल निर्माण

**बिलासपुर।** वार्ड-33 स्थित जूना बिलासपुर, सिंधी धर्मशाला के सामने आवासीय नक्शे पर बने कमर्शियल निर्माण के मामले में निगम ने भवन मालिक भक्तानी को अंतिम नोटिस जारी किया है। भक्तानी ने निगम की मंजूरी के बिना निर्माण शुरू किया, बाद में स्वीकृति के लिए राशि जमा की, लेकिन तत्कालीन भवन अधिकारी सुरेश शर्मा ने स्वीकृति पत्र नहीं दिया। आवासीय नक्शे के लिए आवेदन कर कमर्शियल निर्माण कर लिया। निगम ने इस बारे में कार्रवाई की बात कही है।

### सड़क पर सैकड़ों गड्ढे, फैला कीचड़



**बिलासपुर।** मंगला स्थित बजरंग चौक के आसपास सड़क पर सैकड़ों गड्ढे हो गए हैं, आने जाने वाले लोग इन गड्ढों से तो परेशान हैं ही, सड़क पर कालोनियों का पानी भी बहता है, जिससे पूरी सड़क पर कीचड़ फैला रहता है। सड़क पर गड्ढों और कीचड़ के कारण लगातार दुर्घटनाएं होती हैं, आने जाने वाले लोग कीचड़ से सराबोर होते रहते हैं। आसपास के लोगों ने निगम और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से शिकायत की है, उसके बाद भी सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई है।

### ट्रैफिक सिग्नल के नीचे सड़क खराब



**बिलासपुर।** गौरव पथ स्थित अमेरी चौक पर यातायात व्यवस्थित करने के लिए ट्रैफिक सिग्नल लाइट लगाई गई है, परन्तु चौराहे के एक ओर ट्रैफिक सिग्नल के नीचे सड़क पर गड्ढ हो गया है, सामने ग्रीन सिग्नल मिलने पर गाड़ियां चौराहे से आगे बढ़ती हैं, लेकिन इस गड्ढे में गाड़ियों का चक्का फंस जाता है। चौराहे से गुजरने वाले ई रिक्शा के चक्के इस गड्ढे को पार नहीं कर पाते हैं, ई रिक्शा के फंसने पर चौराहे पर ट्रैफिक जाम हो जाता है। नगर निगम गौरव पथ को व्यवस्थित करना दूर, इस छोटे से गड्ढे की मरम्मत नहीं करा पाया है।

# रेल प्रशासन को दो माह पहले पता चल गया कब आएगा कोहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेल प्रशासन को दो माह पहले ही ठंड और कोहरे का पता चल गया, जिसके चलते दुर्ग से छपरा के बीच चलने वाली अप-डाउन सारनाथ एक्सप्रेस ट्रेन के पहिए को तीन माह के लिए रोकने का आदेश जारी कर दिया। रेलवे के आदेशानुसार सारनाथ एक्सप्रेस 1 दिसम्बर से 15 फरवरी तक अलग-अलग तिथियों में यानि 64 दिन तक रद्द की जाएगी, जिसके कारण छपरा से दुर्ग और दुर्ग से छपरा के बीच आने जाने वाले 5 लाख 76 हजार यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

दुर्ग से छपरा के बीच चलने वाली सारनाथ एक्सप्रेस एक ऐसी ट्रेन है, जो चार स्टेट छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश के साथ बिहार तक यात्रियों को सफर कराती है। प्रदेश के दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, बिलासपुर, उसलापुर के अलावा कोरबा, रायगढ़, मुंगेली सहित अन्य जिलों से बड़ी संख्या में लोग बिहार और उत्तरप्रदेश की ओर सारनाथ एक्सप्रेस में सफर करते हैं। इसमें ज्यादातर संख्या अस्थि विसर्जन करने वाले लोगों की होती है, जो इलाहाबाद तक सफर करते हैं। यही ट्रेन पितृ पक्ष के समय इलाहाबाद के साथ बनारस और गया तक भी जाती है। यात्रियों की भीड़ के कारण सारनाथ एक्सप्रेस के जनरल कोच को छोड़कर स्लीपर और एसी कोच भी पूरे साल भर फुल रहते हैं, जिसमें कंफर्म टिकिट भी बड़ी मुश्किल से मिल पाती है। प्रदेश की महत्वपूर्ण ट्रेन दुर्ग से छपरा के बीच चलने वाली एक्सप्रेस वर्तमान में बिलासपुर के बजाय उसलापुर से डायवर्ट कर दी गई है।

प्रतिवर्ष रेल प्रशासन ठंड और उत्तर भारत की ओर कोहरे की वजह से सारनाथ एक्सप्रेस के पहियों को तीन माह के लिए बंद करने का आदेश देती है। रेल अफसरों ने आगामी कोहरे को देखते हुए सारनाथ एक्सप्रेस के पहियों को 1 दिसम्बर सोमवार से 15 फरवरी 2026 यानि तीन माह के लिए अलग-अलग दिनों में रोके जाने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है।

### प्रतिदिन सफर करने वालों की संख्या 72 सौ

आरक्षण कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश में सारनाथ एक ऐसी ट्रेन है, जिसमें सतना, मैहर के साथ इलाहाबाद, बनारस और गया की ओर यात्री सफर करते हैं। इस ट्रेन में दुर्ग के अलावा रायपुर, भाटापारा, उसलापुर सहित बिलासपुर, मुंगेली, रायगढ़, कोरबा व अन्य ऐसे जिले जहां ट्रेन का स्टापेज नहीं है। उन जिले से भी यात्री सफर करने के लिए पहुंचते हैं, क्योंकि इलाहाबाद से पहले नैनी के लिए सारनाथ एकमात्र ट्रेन की सुविधा उन्हें मिल जाती है। इसके अनुसार जनरल कोच, स्लीपर कोच और एसी कोच में करीब 72 सौ यात्री सफर करते हैं। इसी तरह छपरा से दुर्ग तक आने वाली सारनाथ की भी स्थिति है। इसकी वजह से ट्रेन में साल भर वेटिंग की स्थिति बनी रहती है।

### 1 दिसम्बर से 15 फरवरी तक तीन माह तक सारनाथ के पहिए रोकने का दे दिया आदेश, परेशान होंगे लाखों यात्री



### इस दिन रद्द रहेगी छपरा-दुर्ग सारनाथ

15159 छपरा से दुर्ग के बीच चलने वाली सारनाथ एक्सप्रेस को 1 दिसम्बर से 14 फरवरी तक अलग-अलग दिनों में रोकी जाएगी। इसमें 1, 3, 6, 8, 10, 13, 15, 17, 20, 24, 27, 29 एवं 31 दिसम्बर को, जनवरी माह में 3, 5, 7, 10, 12, 14, 17, 19, 21, 24, 26, 28, 31 को, फरवरी माह में 2, 4, 7, 9, 11, 14 तारीख को ट्रेन रद्द की जाएगी। इन तिथियों को छोड़कर सारनाथ अपने निर्धारित समय के अनुसार चलेगी।

### दुर्ग-छपरा सारनाथ 15 तक रद्द

छपरा से दुर्ग की तरह 15160 दुर्ग से उसलापुर होकर छपरा जाने वाली सारनाथ एक्सप्रेस को 2 दिसम्बर से 27 फरवरी तक रद्द किया गया है। इसमें 2, 4, 7, 9, 11, 14, 16, 18, 21, 23, 25, 28 एवं 30 दिसम्बर को, जनवरी माह में 1, 4, 6, 8, 11, 13, 15, 18, 20, 22, 25, 27 एवं 29 को, फरवरी माह में 1, 3, 5, 8, 10, 12, 15 तारीख शामिल है।

## यहां रह रहे 87 परिवारों को इमलीभाठा में पक्के मकान दिए जाएंगे

# इंदिरा विहार के पास से खाली होगी पौन एकड़ जमीन, टूटेंगी बंसोड़ मोहल्ले की झोपड़ियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सरकंडा के इंदिरा विहार के पास कच्चा मकान बनाकर झुग्गी झोपड़ी में जीवन यापन करने वाले 87 परिवारों को खुद का पक्का मकान दिया जाएगा। निगम यहां अवैध तरीके से रह रहे लोगों को हटाकर पौने एक एकड़ जमीन में गार्डन और व्यासायिक काम्प्लेक्स बनाएगा। इन्हें नोटिस जारी कर दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, राशन कार्ड की कापी जमा करने के लिए कहा गया है। इन परिवारों को इमलीभाटा में बने आवासीय काम्प्लेक्स के तीन ब्लाकों में शिफ्ट किया जाएगा।

निगम के मुताबिक दरअसल इंदिरा विहार के बाजू में बंधवापारा शुरू होने के पहले लगभग पौन एकड़ शासकीय जमीन पर कब्जा करते हुए लोगों ने अवैध रूप से झुग्गी झोपड़ी बना लिया है। इसे बंसोड़ मोहल्ले के नाम से जाना जाता है। इन सभी परिवारों को झुग्गी झोपड़ी से निजात दिलाकर प्रशासन प्रधानमंत्री आवास में व्यावस्थापन किया जाएगा।

### जमीन पर गार्डन और व्यासायिक काम्प्लेक्स प्रोजेक्ट हो सकता है लांच



सरकंडा के इंदिरा विहार के पास बने मकान।

### डीपीआर बनाकर शासन को भेजा जाएगा

इंदिरा विहार के पास लगभग पौन एकड़ सरकारी जमीन पर बीते कई सालों से झुग्गी बस्ती बसी हुई थी। सड़क किनारे बसी इन झोपड़ियों के कारण न सिर्फ क्षेत्र का सौंदर्य बिगड़ रहा था, बल्कि जल निकासी और शहरी विकास की योजनाएं भी प्रभावित हो रही थीं। नगर निगम इस जमीन से अतिक्रमण हटाकर इसे पब्लिक यूटिलिटी के लिए उपयोग में लाने की तैयारी में है। योजना के तहत यहां गार्डन और कमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनाया जाएगा। इस इलाके में एक भी गार्डन नहीं है, गार्डन बन जाने से से बच्चे, बड़े और बुजुर्ग सभी को लाभ मिलेगा। निगम के मुताबिक जल्द ही इसका डीपीआर बनाकर शासन को भेजा जाएगा।

### कब्जे के कारण सफाई पूरी तरह ठप

अधिकारियों के मुताबिक हटाए जा रहे 87 झुग्गीवासी परिवारों के लिए निगम ने इमलीभाठा में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत तीन नए ब्लॉकों में पक्के मकान तैयार किए हैं। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के बाद इन परिवारों को उनके नए मकानों में शिफ्ट किया जाएगा। इससे शहर की एक और सरकारी जमीन अतिक्रमण मुक्त हो जाएगी। कब्जा हटने से यहां हर बरसात जलभराव की समस्या से भी छुटकारा मिलेगा, क्योंकि कब्जे के कारण नाली निकासी पूरी तरह फिलहाल ठप है। इसके साथ ही इस क्षेत्र में अपराध की कई वारदातें भी हो चुकी हैं।

### कब्जे में ली जा रही जमीन

पहला काम जमीन को अपने कब्जे में लेना है। इसके लिए प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके बाद ही कोई नया प्रोजेक्ट लांच किया जा सकता है। इंदिरा विहार के पास सरकारी जमीन पर झोपड़ी बनाकर रह रहे 87 परिवारों को इसके लिए दस्तावेज जमा करने कहा गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत इन लोगों को इमलीभाठा में पक्के मकान दिए जाएंगे।

**- अमित कुमार,** निगम आयुक्त

## अवैध बाउंड्रीवाल को नगर निगम ने तोड़ा

**बिलासपुर।** सरकंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत अशोक नगर बिरकोना मुख्य मार्ग, खसरा नंबर 559 में अवैध कब्जा कर बनाई गई बाउंड्री वाल को नगर निगम ने तोड़ दिया है।

निगम के मुताबिक प्रेम साहू नामक व्यक्ति ने अपने प्रभाव और पहचान का गलत फायदा उठाकर सड़क किनारे की शासकीय भूमि पर कब्जे की कोशिश की। आरोप है कि उसने फर्जी दस्तावेज तैयार कर इस सरकारी भूमि को अपनी संपत्ति बताते हुए बार-बार बाउंड्रीवाल खड़ी की। हर बार की तरह इस बार भी नगर निगम बिलासपुर की टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण को तोड़ दिया। निगम के अधिकारियों के अनुसार, निस्तार पत्रक और सीमांकन रिपोर्ट के आधार पर यह भूमि पूरी तरह से शासकीय है। बावजूद इसके प्रेम साहू द्वारा बार-बार अवैध कब्जे की कोशिश की जा रही है। निगम ने स्पष्ट किया है कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



### गुरूवार को नहाने के दौरान बच्चों पर हमला किया



# लखराम एनीकट पहुंचे चार मगरमच्छ, गांव में हड़कंप

**बिलासपुर।** लखराम एनीकट में चार मगरमच्छों के आने की सूचना मिलने के बाद गांव में हड़कंप मचा हुआ है। ग्रामवासियों द्वारा इस संबंध में बीते एक सप्ताह से चर्चा की जा रही थी। गुरूवार को नहाने के दौरान बच्चों पर हमला करने पर लोगों ने इसकी सूचना सरपंच को दी। घटना से फिलहाल किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ है। सरपंच द्वारा सिंचाई विभाग के माध्यम से वन विभाग तक जानकारी पहुंचा दी गई है।

सिंचाई विभाग को शुक्रवार को लखराम एनीकट में चार मगरमच्छों के आ जाने की सूचना मिली है। सरपंच द्वारा दी गई सूचना के अनुसार गांव में पिछले एक सप्ताह से एनीकट में मगरमच्छ होने की चर्चा चल रही थी, लेकिन प्रत्यक्ष रूप से नहीं देख पाने के कारण यह चर्चा ही थी। गुरूवार को गांव के बच्चे एनीकट में नहाने पहुंचे जहां मगरमच्छों द्वारा बच्चों पर हमला किया गया, जिससे वे किसी तरह बचकर एनीकट से बाहर निकले। मगरमच्छों द्वारा हमला किए जाने की घटना की जानकारी होते ही गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामवासियों ने इसकी सूचना तत्काल सरपंच को दी। सरपंच द्वारा घटना की जानकारी सिंचाई विभाग को दी गई, जिससे विभाग द्वारा रतनपुर रेंज में सूचना भेजी गई थी। रतनपुर रेंज द्वारा बिलासपुर रेंज का एरिया होने की बात कहने पर इसकी जानकारी डीएफओ आफिस बिलासपुर को दी गई। वन विभाग द्वारा फिलहाल मगरमच्छों का रेस्क्यू नहीं किया जा सका है।

### जानकारी नहीं है चेक करवा लेते हैं

इस संबंध में फिलहाल मुझ तक सूचना नहीं पहुंची है। मैं एनीकट में मगरमच्छ होने की सूचना की वास्तविकता का पता लगवाकर आगे की कार्रवाई करवाता हूं।

**- नीरज कुमार**
डीएफओ बिलासपुर

### वन विभाग को सूचित किया गया

एनीकट में मगरमच्छ आ जाने की सूचना लखराम की सरपंच के द्वारा दी गई है। सूचना मिलते ही रेस्क्यू के लिए वन विभाग बिलासपुर को सूचित कर दिया गया है।

**- पीएन श्रीवास्तव**
एसडीओ खारंग डिवीजन

### एक सप्ताह से गांव में चर्चा

एनीकट में मगरमच्छ होने की चर्चा गांव में पिछले एक सप्ताह से चल रही है। गुरूवार को बच्चों ने एनीकट में नहाने के दौरान हमला होने की जानकारी दी। तब इसकी सूचना तत्काल सिंचाई विभाग को दी गई है। फिलहाल मगरमच्छों से किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ है।

**- रूखमणी साहू**
सरपंच लखराम

### खूंटाघाट बांध से आ जाने की संभावना

खूंटाघाट बांध से नहरों में बीते 3 अगस्त से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है। इसी तरह बांध से लगातार दो महीने तक वेस्ट वियर भी चला है, जिससे ग्रामवासियों एवं सिंचाई विभाग द्वारा आशंका व्यक्त की जा रही है कि संभवतः मगरमच्छ बांध से ही बहते हुए एनीकट तक पहुंच गए होंगे। मगरमच्छ यहां कितने दिनों से हैं इसकी जानकारी किसी को नहीं है, लेकिन बीते एक सप्ताह से गांव में चर्चा हो रही है।

## कांग्रेस में नए शहर अध्यक्ष व जिलाध्यक्ष ग्रामीण की होनी है नियुक्ति

# कांग्रेस के केन्द्रीय पर्यवेक्षक ने सौंपी सर्वे रिपोर्ट, दावेदार सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कांग्रेस के केन्द्रीय पर्यवेक्षक मध्य प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने नई दिल्ली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी को अपनी सर्वे रिपोर्ट सौंप दी है। इस सर्वे रिपोर्ट के साथ उन्होंने शहर कांग्रेस अध्यक्ष और जिलाध्यक्ष ग्रामीण के प्रमुख दावेदारों के नाम का पेनल भी सौंपा है।

कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान अंतर्गत केन्द्रीय पर्यवेक्षक उमंग सिंघार ने गुरुवार को नई दिल्ली में पार्टी मुख्यालय इंदिरा भवन में एआईसीसी को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। पर्यवेक्षक श्री सिंघार की सर्वे रिपोर्ट और दावेदारों के नाम के पेनल को लेकर एआईसीसी के जनरल सेक्रेटरी केसी वेणुगोपाल और छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट के साथ मिटिंग भी हुई।



एआईसीसी ने संगठन सृजन अभियान तहत बिलासपुर में नए शहर कांग्रेस अध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष ग्रामीण के चयन के लिए मध्य प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार को केन्द्रीय पर्यवेक्षक बनाकर यहां भेजा था। केन्द्रीय पर्यवेक्षक यहां पर 10 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक तीन दिनों तक लगातार कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं और दावेदारों से वन टू वन चर्चा, रायशुमारी किए। पर्यवेक्षक बिलासपुर समेत बिल्हा, बेलतरा, तखतपुर, कोटा व मस्तूरी सभी विधानसभा क्षेत्रों में गए और वहां पर बैठक कर कार्यकर्ताओं से रायशुमारी किए तथा दावेदारों से बंद कमरे में वन टू वन बात की।

इस दौरान दावेदारों ने अपनी दावेदारी पेश करते हुए निर्धारित प्रारूप में अध्यक्ष पद के लिए आवेदन भी दिए थे। इन दावेदारों के आवेदनों को शार्टलिस्ट कर प्रमुख दावेदारों के शहर व जिला के लिए अलग-अलग पेनल तैयार किया गया है और इन प्रमुख दावेदारों के नामों का पेनल पर्यवेक्षक ने अपनी रिपोर्ट के साथ पार्टी को सौंप दी है।

### प्रदेश के बड़े नेताओं ने रखी अपनी-अपनी बात

नए जिलाध्यक्ष व शहर कांग्रेस अध्यक्ष के चयन के संबंध में प्रदेश के बड़े कांग्रेस नेताओं को दिल्ली बुलाया गया था। गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव एवं नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू दिल्ली में थे। इन सभी नेताओं ने अलग-अलग प्रदेश यह मीटिंग अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के जनरल सेक्रेटरी केसी वेणुगोपाल एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट से मिले और अपनी-अपनी बात रखी। खबर है कि इन नेताओं ने अपने-अपने पसंदीदा दावेदारों के नाम अध्यक्ष पद के लिए रखे हैं।

### कुल 46 दावेदारों के नाम आए सामने

संगठन सृजन अभियान तहत बिलासपुर जिले से कुल 46 दावेदारों के नाम सामने आए हैं। इनमें शहर कांग्रेस अध्यक्ष के लिए 14 दावेदारों ने आवेदन दिया है, जबकि जिला कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण के लिए 30 दावेदारों ने आवेदन दिया है। इसके अलावा शहर अध्यक्ष के लिए कांग्रेस एक पूर्व विधायक एवं ग्रामीण अध्यक्ष के लिए कांग्रेस के एक वर्तमान विधायक भी दावेदारों में शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित कर की जा रही पूजा-अर्चना



**लोरमी।** नवयुवक महालक्ष्मी उत्सव समिति गांधीडीह द्वारा लक्ष्मी प्रतिमा की स्थापना कर माता की आराधना की जा रही है। समिति द्वारा माता लक्ष्मी को महाभोग चढ़ाकर हवन पूजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं ग्रामवासी शामिल हुए। माता लक्ष्मी यहां 7 दिनों तक विराजमान रहेंगी। भजन मंडली द्वारा प्रतिदिन भजन कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। युवाओं में माता लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर बड़ा उत्साह है । युवा बड़ी संख्या में माताकी पूजा अर्चना कर उनके दरबार में सेवा दे रहे हैं । आज समिति द्वारा श्रद्धालुओं को खीर पूड़ी प्रसाद के रूप में वितरण किया।

### बेलसरी के शनिदेव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम



**तखतपुर।** शनिदेव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन महिला स्व सहायता समूह द्वारा नया तालाब बेलसरी में किया गया। इस अवसर पर पार्षद मुन्ना श्रीवास, राधेहरी पाण्डेय, मनराखन साहू, भरत साहू, नर्मदा, बलराम साहू, जगमा साहू, ममता साहू, कविता साहू, रमशीला साहू, नुरीता रानी साहू, शकुन, विनिता , सीता साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

### बेलपान में श्रीकृष्ण की महारास लीला का मंचन




**तखतपुर।** नर्मदा धाम बेलपान में महारास लीला का संचालन किया जा रहा है। लीला में व्यास हरिचरण दास वैष्णव केकती वाले ने भगवान कृष्ण की महारास के संबंध में बताया। कार्यक्रम का शुभांरभ व समापन पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बिरझेराम सिंगरौल ने किया। इस अवसर पर बिहारी साहू, अंताचार्य सुदर्शन गिरी बसपान, तेजेश्वर पाण्डेय, पिल्लूराम साहू, छेदीधर दीवान, भुनेश्वर साहू, त्रिवेणी साहू, गौकरण साहू, गनेशिया साहू, कुंजबिहारी ध्रुव, गरीबा यादव, बिसाहू राम कश्यप, अंकुर सक्सेना, लालाराम साहू, भुनेशराम साहू, गंगाधर कवंर, सुनील सूर्यवंशी, टीकाराम यादव, हेमंत श्यप, मकराल यादव, जमुना प्रसाद, अशोक प्रसाद, फुल सिंह, विशाल साहू, कुंजराम, यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

### चौकी प्रभारी के तबादले पर सियान मितान समिति ने दी विदाई



**मल्हार।** चौकी प्रभारी के तबादले पर सियान मितान समिति द्वारा पातालेश्वर महादेव मंदिर में सम्मान विदाई समारोह आयोजित किया गया, जिसमें उन्होंने चौकी प्रभारी ओंकारधर दीवान को उनके कार्यकाल के दौरान किए गए अच्छे कार्यो के लिए आभार व्यक्त किया गया। वरिष्ठ नागरिक ओमप्रकाश पान्डेय, रविंद्र वैष्णव व राज्यपाल से सम्मानित शिक्षक अकतराम सिन्हा, संजीव पान्डेय द्वारा अच्छे कार्यो का सम्मान लेख भेंट किया जिसका वाचन साहित्यकार शेषनारायण गुप्ता ने किया। मल्हार चौकी प्रभारी ने भावुकता से कहा कि नगरवासियो व क्षेत्र के लोगो से जो प्रेम, स्नेह, सहयोग और सम्मान मिला उसे वे कभी नही भूलेंगे। मल्हार चौकी में सेवा करते हुए मुझे हमेशा परिवार जैसा वातावरण महसूस हुआ। मल्हार चौकी के नए प्रभारी उपनिरीक्षक अवधेश सिंह ने चौकी का प्रभार ग्रहण किया। अवधेश सिंह पहले भी 2018 में मल्हार चौकी के प्रभारी रह चुके हैं। इस अवसर पर गणेशदत्त राजू तिवारी, योगाचार्य दीलिप पांडेय, लक्ष्मण कांत, रघुराज पांडेय, संतोष कैवर्त, दिनेश पांडेय, जतन कैवर्त, भरत चौहान,मिठ्ठु देवांगन, सुरेश पांडेय सहित नगर व क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे।

### बालानी चौक में हुई काली की पूजा



**मुंगेली।** नगर के बालानी चौक में विगत कई वर्षो से मां काली की स्थापना की जा रही है। नगर के मां परमेश्वरी चौंक स्थित चौराहे पर मां काली की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की जा रही है। समिति द्वारा विगत 41 वर्षो से मां परमेश्वरी बालानी चौंक में दीपावली की पूर्व संध्या पर काली की प्रतिमा स्थापना कर पूजा अर्चना करने की परंपरा चली आ रही है। इस दीपावली पर भी समिति द्वारा दीपावली की देर रात मां काली की मूर्ति की स्थापना की गई। श्रद्धालु भक्तों द्वारा पूरे विधि–विधान व मंत्रेच्चार के साथ मूर्ति की स्थापना कराई गई।

## शिकायत के बाद अफसरों ने रुकवाया काम

# उखड़ने लगी सड़क, सीमेंट से की जा रही थी लीपापोती

हरिभूमि न्यूज ⏭ मरवाही

नगर पंचायत में कुछ महीने पहले बने बीटी रोड के उखड़ने पर सीमेंट का लेप लगाकर भरपाई की जा रही थी। इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से होने के बाद काम पर रोक लगाया गया है।

मरवाही पंचायत में कुछ महीने पहले बने विभिन्न बीटी रोड में से एक लोहारी वार्ड नंबर 2 में बने बीटी रोड पर सीमेंट कॉन्क्रीट का लेप लगाने का काम शुरू किया गया। वार्डवासियों ने इसकी जानकारी लेनी चाही तो काम बंद कर दिया गया। गौरतलब हो कि नव निर्मित पंचायत में मनोनीत प्रथम अध्यक्ष किशन सिंग ठाकुर द्वारा शासन से करोड़ों के विभिन्न विकास कार्य स्वीकृत करवाए गए थे। चुनाव के कारण यह कार्य नहीं हो पाए, जिसे कांग्रेस शासनकाल में कराया जा रहा है जिसमें कई लाख खर्च करके तीन स्थानों पर बीटी रोड डामर रोड बना था। जिसके निशान अब कहीं कहीं देखने को मिल जाएंगे। स्थिति ऐसी है कि अधिकांश रोड तो झाड़ू लगाने में ही खत्म हो गया है। अभी तक कार्यस्थल पर उक्त कामों का नागरिक सूचना पटल नहीं लगा है एवं काम की गुणवत्ता निम्न स्तर की है। लोहारी में घुरदास के घर के पास बनी सड़क पर पंचायत द्वारा डामर पर सीमेंट कॉन्क्रीट का पतला लेप चढ़ाया जा रहा है जो वार्डवासियों को नागवार गुजरा। ग्रामीण ख़ूबदास लहरे ने इसकी शिकायत नगर पंचायत के अधिकारियों से की।



**इंजीनियर देंगे तकनीकी जानकारी:** बीटी रोड पर सीमेंट कॉन्क्रीट करने का प्रावधान यदि होगा तो करा सकते हैं। इसकी जानकारी इंजीनियर ही दे सकते हैं। टेक्नीकल जानकारी वही दे सकते हैं।

-एस यादव, सीएमओ, मरवाही नगर पंचायत

**शासन ने दी भरपूर राशि:** शासन ने नगर पंचायत के विकास के लिए भरपूर राशि दी है। डामर रोड पर डामर ही बनेगा। सीमेंट कॉन्क्रीट का लेप लगाने का सवाल ही नहीं उठता।

-किशन सिंग ठाकुर, पूर्व अध्यक्ष, नगर पंचायत मरवाही



## राज्योत्सव की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट

**मुंगेली।** जिला मुख्यालय स्थित वीर शहीद धनंजय सिंह स्टेडियम में 2 से 4 नवम्बर तक तीन दिवसीय राज्योत्सव का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न विकास विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर विभागीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल में मंच निर्माण, विद्युत, पेयजल, चिकित्सा, साफ-सफाई एवं स्वच्छता, यातायात, कानून व्यवस्था, वाहन पार्किंग, साउण्ड सिस्टम, बैठक व्यवस्था, आमंत्रण कार्ड, फायर ब्रिगेड सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी इसे गंभीरता से लेते हुए कार्य करेंगे। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने सभी विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्यक्रम के सफल आयोजन के निर्देश दिए। इस दौरान वन मंडलाधिकारी अभिनव कुमार, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। शासन के निर्देशानुसार एग्रीस्टैक पोर्टल पर पंजीयन कराने से किसानों को धान खरीदी, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड, किसान क्रेडिट कार्ड, उर्वरक अनुदान, प्रधानमंत्री किसान सिंचाई योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, कृषि मशीनीकरण योजना एवं मुख्यमंत्री किसान सहायता योजना जैसी अनेक केंद्र एवं राज्य शासन की योजनाओं का लाभ सीधे प्राप्त होगा।

## खबर संक्षेप

### गडरिया ढेंगर समाज की बैठक कल

**तखतपुर।** छत्तीसगढ़ गडरिया ढेंगर समाज बिलासपुर जिला परिक्षेत्र की एक महत्वपूर्ण सामाजिक बैठक 26 अक्टूबर को मंडी प्रांगण में सुबह 11 बजे से आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता गड़रिया ढेंगर समाज के जिलाध्यक्ष पन्ना पाली करेंगे। इस दौरान समाज से जुड़े विभिन्न सामाजिक प्रस्तावों, लंबित आवेदनों तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर विचार-विमर्श एवं आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे। समाज के पदाधिकारियों ने अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति दर्ज कराने की अपील की है। उक्त जानकारी युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष कोमल पाली ने दी।

### उच्च शिक्षा प्रोत्साहन योजना के लिए आवेदन 25 तक

**मुंगेली।** मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन योजना के लिए आवेदन 25 अक्टूबर तक किया जा सकता है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि राज्य के अधिसूचित अनुसूचित जाति व जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिभावान पात्र विद्यार्थी, जो राष्ट्रीय स्तर के व्यावसायिक संस्थानों जैसे आईआईटी, एम्स, आईआईएम, एनएलयू, एमबीबीएस में चयन उपरांत प्रवेश प्राप्त करने के लिए तात्कालिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से योजना का संचालन किया जा रहा है। इस संबंध में जिला कलेक्टोरेट स्थित कार्यालय आदिवासी विकास विभाग में डाक से या स्वयं उपस्थित होकर आवेदन किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए जिले के वेबसाइट का अवलोकन किया जा सकता है।

## राष्ट्रीय शालेय बॉक्सिंगः चयनित खिलाड़ी ईटानगर के लिए रवाना

**लोरमी।** 69वीं राष्ट्रीय शालेय बॉक्सिंग 17 वर्ष बालक बालिका प्रतियोगिता का आयोजन 28 अक्टूबर से 3 नवम्बर तक ईटानगर, अरुणाचल प्रदेश में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ टीम में 80 किलोग्राम भार वर्ग में दुष्यन्त कुमार साहू 10वीं, एमजेडी शा आंग्ल विद्यालय, 66 किलोग्राम भार वर्ग में निखिल सिंह राजपूत 10वीं, महाराणा प्रताप उमा विद्यालय झाफल लोरमी एवं बालिका वर्ग में 70 किलोग्राम भार वर्ग में दीप्ति राजपूत 9वीं, महाराणा प्रताप उमा विद्यालय झाफल, लोरमी एवं प्रबंधक के रूप में मुकेश सिंह राठौर समरसता एक्सप्रेस से छत्तीसगढ़ दल के साथ बिलासपुर से रवाना हुए। तीनों खिलाड़ियों ने 16 से 18 सितंबर तक रायपुर में आयोजित राज्य शालेय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता था। सभी खिलाड़ी विकासखण्ड खेल केंद्र लोरमी में बॉक्सिंग खेल का नियमित अभ्यास करते हैं।



## क्रिकेट स्पर्धा में छतौना की टीम ने मारी बाजी

**तखतपुर।** छतौना में न्यू मिक्स लक्ष्मी समिति के द्वारा क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। फाइनल मैच छतौना, हिरीं के बीच हुआ। जिसमें छतौना की टीम ने विजय हासिल की और हिरीं की टीम उपविजेता रही। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. माधवी संतोष वस्त्रकार अध्यक्ष जनपद पंचायत तखतपुर, अध्यक्षता अंबिका विनोद साहू सभापति जि.पं. बिलासपुर, विशिष्ट अतिथि रंजना तुलसी कौशिक सभापति ज.प. तखतपुर एवं तुलसी कौशिक मंडल महामंत्री भाजपा रही। मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष श्रीमती वस्त्रकार ने कहा कि गांवों की मिट्टी में वह ताकत होती है, जो खेल के मैदान में प्रतिभा के रूप में खिलकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन करती है। इस अवसर पर क्षमा सिंह समाज सेविका, योगेश साहू पूर्व जनपद सदस्य, दिनेश कौशिक, सतीश कौशिक, शिवानी तंबोली पंच, राधिका कौशिक सरपंच, रत्ना मानिकपुरी उपसरपंच, राकेश तंबोली, अनिल साहू पंच, प्रेम साहू पंच, नारायण कौशिक, विकास कौशिक, रमेश कौशिक, संतोष गुप्ता, न्यू मिक्स लक्ष्मी समिति के सभी सदस्य विजेता टीम के कप्तान दीपक साहू, उपकप्तान हेमंत कौशिक एवं सभी खिलाड़ी उपविजेता टीम के कप्तान दीपक कौशिक एवं सभी खिलाड़ी उपस्थित रहे।



## अटल की मांग पर कोटा से केवची मार्ग स्वीकृत

**बिलासपुर।** कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव की मांग पर लोक निर्माण विभाग द्वारा कोटा अचानक मार्ग केवची रोड के 57 किमी निर्माण हेतु 3234.10 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।



अटल श्रीवास्तव ने बजट एवं विधानसभा में कोटा अचानकमार केवची रोड के निर्माण की मांग करते हुए कहा कि बिलासपुर से पेंड्रा गौरेला और मध्यप्रदेश को जाने के लिए वर्तमान में आर एम के के रोड एवं खोंगसरा रोड का उपयोग किया जाता है, आर एम के के सड़क का नव निर्माण होने से यातायात का दबाव खोंगसरा मार्ग में होने लगा है जिससे खोंगसरा केवची मार्ग भी जर्जर होने लगा है। जिससे कारण एक वैकल्पिक मार्ग की आवश्यकता है । कोटा केवची अचानकमार मार्ग निर्माण से बिलासपुर गौरेला पेंड्रा जबलपुर शहडोल सहित छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के यात्रियों को लाभ प्राप्त होगा। अटल श्रीवास्तव के मांग को तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने भी समर्थन किया। अटल श्रीवास्तव ने प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करने के लिए उप मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री अरुण साव का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

## डॉ. भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान का स्थापना दिवस मना

**मुंगेली।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान छत्तीसगढ़ का 34वां स्थापना दिवस मनाया गया। संस्था के अध्यक्ष राजेन्द्र दिवाकर, प्रादेशिक सचिव एवं व्यवस्थापक एचआर भास्कर, प्राचार्य मुंगेली श्रीमती आशा दिवाकर, प्राचार्य संजारी नवागांव खेमलता रात्रे तथा वरिष्ठ सहयोगी जेआर साहू द्वारा सर्वप्रथम डॉ. भीमराव अम्बेडकर के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया गया।

संस्थान के स्थापना के संबंध में संस्थाध्यक्ष ने बताया कि सर्वप्रथम संरक्षक बीपी केशकर एवं प्रथम अध्यक्ष बलदाऊ प्रसाद खाण्डे के नेतृत्व में संस्था का गठन किया गया। संस्था द्वारा समाज के हर क्षेत्रों में विकास के लिए प्रयासों में कोई कमी नहीं किया गया। प्रादेशिक सचिव एचआर भास्कर ने कहा कि सीमित साधन और कम समय में ही अधिक उपलब्धियां प्राप्त हुई हैं। खेमलता रात्रे ने बताया कि इस संस्थान के सहयोग एवं मागदर्शन से संजारी नवागांव जिला बलौदाबाजार में डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्कूल का संचालन कर रही हूं। इसी तरह कोरबा जिले के बालको नगर में त्रिवेणी भास्कर के नेतृत्व में विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। संस्था की प्राचार्य आशा दिवाकर ने कही कि मैं इस संस्था में विगत 29वर्षों से सेवा दे रही हूं। सबकी त्याग और सेवा से संस्था इस मुकाम पर पहुंची है। सभी सदस्यों, पदाधिकरियों ने 34वां स्थापना दिवस पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। अंत में संस्था के उन सभी दिवंगत सदस्यों को दो मिनट मौन श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



## निधन

### डॉ टोकेश्वर साहू



**तखतपुर।** ग्राम मौहभांठा निवासी डॉक्टर टोकेश्वर साहू 50 वर्ष का 22 अक्टूबर को निधन हो गया है। वे विवेक साहू, प्रांशु साहू, पूनम साहू के पिता एवं दीनबंधु साहू डॉक्टर कृष्णा साहू के बड़े भाई, पूर्व सरपंच लव साहू के बहनोई थे। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम मौहाभांठा में किया गया।

### विशाल सोनी



**लोरमी।** नगर के वार्ड नंबर 5 निवासी विशाल सोनी का शुक्रवार की रात निधन हो गया। वे स्व. राधे लाल सोनी के ज्येष्ठ पुत्र एवं शिक्षक अनिल सोनी के बड़े भाई थे। इनकी अंतिम यात्रा शनिवार को सुबह 10 बजे नया बस स्टेंड के पीछे स्थित मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

### किशनु राम कौशिक



**बेलतरा।** नगर के गणमान्य नागरिक किशुन राम कौशिक का उम्र 81 वर्ष की आयु में 23 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम बेलतरा के मुक्तिधाम में किया गया। वे अनूप कौशिक व अजय कौशिक के पिता थे।

## प्लॉट बिक्री के नाम पर ठगी, पीएमओ में शिकायत के बाद मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतनपुर

मोहतराई (रतनपुर) में स्थित द ब्रिज (अब सांई माया प्रोजेक्ट) के डायरेक्टर आशीष जायसवाल द्वारा प्लॉट बिक्री के नाम पर धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। प्रधानमंत्री कार्यालय में ऑनलाइन शिकायत दर्ज होने के बाद रतनपुर पुलिस ने मामले की जांच कर प्रकरण में अपराध पंजीबद्ध किया है।

जानकारी के अनुसार नर्मदा नगर बिलासपुर निवासी ब्रजभूषण यादव ने वर्ष 2015 में मोहतराई स्थित प्लॉट नं. 831, रकबा 1200 वर्ग फुट को 4 लाख 20 हजार रुपए में खरीदा था। डायरेक्टर आशीष जायसवाल ने लिखित में यह कहते हुए समझौता किया था कि सीजी रेरा से टीएंडसी अप्रूवल प्राप्त होने के बाद रजिस्ट्री कराई जाएगी। शिकायतकर्ता का आरोप है कि इसके बाद बार-बार आश्वासन देने के बावजूद पिछले 10 वर्षों में रजिस्ट्री नहीं की गई और अब परियोजना का नाम बदलकर सांई माया प्रोजेक्ट कर दिया गया है। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि आरोपी ने अन्य लोगों जिनमें देवा सिंह जायसवाल, शशिकला देशमुख, रेखा रानी विश्वकर्मा के नाम शामिल हैं से भी इसी प्रकार प्लॉट बेचने के नाम पर राशि ली है, किंतु रजिस्ट्री नहीं की। पीड़ित ब्रजभूषण यादव ने कहा कि इस धोखाधड़ी के कारण उन्हें व उनके परिवार को गंभीर मानसिक एवं आर्थिक नुकसान हुआ है। उन्होंने प्रशासन से आरोपी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।





### अपराध पंजीबद्ध किया गया

दस्तावेज़ों एवं गवाहों के बयान के आधार पर आरोपी के विरुद्ध धोखाधड़ी का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। मामले की विवेचना प्रारंभ कर दी गई है।

–मेलाराम कठौतिया
उपनिरीक्षक, थाना रतनपुर

## पंप हाउस और दुर्गा-चौरा के लिए जनप्रतिनिधियों ने किया भूमिपूजन

**पथरिया।** नगर के वार्ड 11 में दुर्गा-चौरा (रंगमंच) और वार्ड नंबर 8 में पंप हाउस निर्माण के लिए शुक्रवार को भूमिपूजन किया गया। वार्ड नंबर 11 में शिव मंदिर के सामने विगत अनेकों वर्षो से गणेश उत्सव और दुर्गा उत्सव धूमधाम से मनाया जाता रहा है। जहां रंगमंच ना होने से समिति के सदस्यों को अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ती थी। जिसे ध्यान मे रखते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव एवं वार्ड 11 के पार्षद दीपक साहू ने अपनी निधि से दुर्गा चौरा (रंगमंच) बनाने का निर्णय लिया। इसी प्रकार वार्ड 8 में स्थित पुराना पंप हाउस वर्षो से क्षतिग्रस्त अवस्था में पड़ा हुआ था जिसे देखते हुए अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव ने अपनी निधि से इसके निर्माण की भी घोषणा की। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष हुलसी वैष्णव, उपाध्यक्ष मनोज पाण्डेय, सभापति मोनिका ओमू दीवान, रघु वैष्णव, इंद्रजीत यादव , मेला राम डनसेना, राम बघेल वार्ड पार्षद दीपक साहू, देवेंद्र डडसेना, मना साहू, रिंकू बघेल, रजनीश पाण्डेय, जसबीर छाबड़ा, रिंकू यादव, सांगू साहू, बल्लु यादव, मनोज यादव, मारकोना नेताम, प्रीतम साहू, कैलाश यादव, कार्तिक साहू, आरजे साहू, श्रेयांश यादव, सीताराम कर्माकर, मोनू विश्कर्मा समेत नगरवासी उपस्थित रहे।



## नाबालिग से दुष्कर्म व ब्लैकमेलिंग, चार आरोपी हिरासत में

**तखतपुर।** नगर में एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले में शामिल चार नाबालिग आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस में सभी आरोपियों के खिलाफ बीएनस की धारा 67 आईएनएफ, 15 व 4 सीएचएल, 3 (5), 64 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में ले लिया है।

पुलिस के अनुसार नगर की एक 16 वर्षीय नाबालिग को नगर के ही एक नाबालिग ने बहला-फुसलाकर एक कमरे में बुलाया, वहां उसने दुष्कर्म किया। इस दौरान आरोपी ने अपने तीन नाबालिग दोस्तों की मदद से पूरी घटना का वीडियो बनवाया। बाद में आरोपी ने उसी वीडियो के माध्यम से पीड़िता को लगातार ब्लैकमेल करता रहा और फिर से संबंध बनाने का दबाव डालने लगा। पीड़िता ने यह बात परिजनों को बताते हुए पूरी घटना की जानकारी दी। परिजनों ने गुरुवार की रात तत्काल तखतपुर थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी विवेक पांडेय ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत ही विशेष टीम गठित कर मुख्य आरोपी सहित तीन अन्य साथियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दी। पुलिस की त्वरित कार्रवाई के परिणामस्वरूप चारों नाबालिग आरोपियों को कुछ ही घंटों में हिरासत में ले लिया गया। चारों नाबालिग आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म, ब्लैकमेलिंग और आईटी एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अब बरामद वीडियो और डिजिटल सामग्री की तकनीकी जांच करा रही है। साथ ही, बाल कल्याण समिति को मामले की जानकारी दे दी गई है और पीड़िता के बयान दर्ज कराए जा रहे हैं।





### दो पक्षों में मारपीट, जुर्म दर्ज

नगर के मिशन कंपाउंड में बीती शाम ई-रिक्शा को साइड में लगाने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर एक दूसरे के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में ले लिया है। पुलिस के अनुसार नगर के एक नर्सिंग होम के पास ई-रिक्शा चालक करन देवांगन अपना वाहन खड़ा किया हुआ था। इसी दौरान मिशन कंपाउंड निवासी आशीष दान मसीह ने उसे रिक्शा को साइड करने कहा जिस पर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। कुछ देर बाद एक ओर से रिक्शा मालिक प्रमेश पटेल और अमर पटेल मौके पर पहुंचे, वहीं दूसरी ओर से शनि सरदार भी वहां आ गया। देखते ही देखते विवाद मारपीट में बदल गया। दोनों पक्षों ने एक दूसरे को गली गलौज व जान से मारने की धमकी देते हुए लोहे के पाइप, हाथ-मुक्कों से एक-दूसरे पर हमला कर दिया। इस झड़प में प्रमेश पटेल के सिर व अमर पटेल के पैर में चोट आई है, जबकि आशीष मसीह और शनि सरदार के कमर को चोट लगी है। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया है।


**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

**।। ईश्तहार ।।**

क्रमांक /क/अति.तह./वाचक/2025
बिलासपुर, दिनांक 17/10/2025

एतद द्वारा श्री सरकारी कर्मचारी गृह निर्माण समिति मोपका निवासी सरकारी कर्मचारी गृह निर्माण समिति मोपका को सूचित किया जाता है कि ग्राम मोपका प.ह.नं. 29 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं.1053/16 रकबा 0.16 एकड़/हेक्टेयर भूमि के लिए श्री /श्रीमती शुभ्रा मुखर्जी पति बुधदेव मुखर्जी निवासी हेमूनगर तहसील व जिला बिलासपुर छग द्वारा आवेदन किया गया।

उक्त प्रकरण के सुनवाई दिनांक 10/11/2025 के लिए नियत है। अतः आप दिनांक 10/11/2025 को सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 17/10/2025 को मेरे पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**अति.तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी लोरमी जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र......बी–121/2024–25
ग्राम– लोरमी, प.ह.नं. 28
तहसील लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)

एतद् सर्व साधारण ग्राम लोरमी के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक विजय जायसवाल पिता गोपाल प्रसाद जायसवाल जाति कलार निवासी ग्राम लोरमी तहसील लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि अपने आदित्य जायसवाल के ग्राम लोरमी में जन्म दिनांक 10.09.2010 के संबंध में आवेदन पेश किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 29.10.25 तक अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार या सुनवाई नही किया जायेगा।

आज दिनांक 13.10.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

**कार्यपालक दण्डाधिकारी**
**लोरमी, जिला, मुंगेली (छ.ग.)**

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

**–:: ईश्तहार ::–**

रा.प्र.क्र./अ–6/2025–26

पक्षकार :–मनोज कुमार कश्यप पिता अशोक कुमार कश्यप .....आवेदक

बनाम

पवन पंचारिया प्राधिकृत अधिकारी एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड शाखा अलास्का टावर आरोग्य हास्पिटल शंकर नगर रायपुर ........अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनोज कुमार कश्यप पिता अशोक कुमार कश्यप निवासी नहरपार नवलपुर जैत. तहसील व जिला मुंगेली छ.ग. ने स्वयं के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला मगरपारा शीट नं. 24 प्लाट नं. 8/1, 8/3 ,8/4, रकबा 235 व.फु. पर निर्मित मकान को अनावेदक पवन पंचारिया प्राधिकृत अधिकारी एच.डी. एफ.सी. बैंक लिमिटेड शाखा अलास्का टावर आरोग्य हास्पिटल शंकर नगर रायपुर जिला रायपुर से दिनांक 23.03.2024 से क्रय कर स्वत्व अर्जित किया गया है। आवेदक उक्त निर्मित आवासीय मकान को अपने नाम पर नामांतरण किये जाने बाबत आवेदन पत्र छ.ग. भू–राजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनांक 7/11/2025 को न्यायालयीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति/दावा विचारणीय नही होगा।

आज दिनांक 17/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, शनिवार 25 अक्टूबर 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255


तिरूमाला से घर में पधारे बालाजी भगवान, यह रंगोली विनोबा नगर निवासी प्रभा सुल्तानिया ने बनाई।

समारोह

## स्काउट एवं गाइड के सिद्धांत केवल गतिविधियों तक सीमित नहीं



**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ज़िला स्काउट्स एवं गाइड्स संघ द्वारा आयोजित 20वीं वार्षिक जिला रैली एवं शिविर का भव्य शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। तीन दिवसीय इस आयोजन में रेलवे विद्यालयों एवं ओपन ग्रुप्स के लगभग 400 स्काउट्स एवं गाइड्स सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। रैली का उद्घाटन मुख्य अतिथि भगवती खोईवाल द्वारा किया गया। उन्होंने ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्वलन कर शिविर का औपचारिक शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला आयुक्त अनुराग कुमार सिंह एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुजाता सिंह सहित विद्यालयों के स्काउट मास्टर, गाइड कैप्टन एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि स्काउटिंग एवं गाइडिंग के सिद्धांत केवल गतिविधियों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह बच्चों के भीतर अनुशासन, निष्ठा, सेवा भावना, आत्मनिर्भरता और नेतृत्व क्षमता जैसे गुणों को विकसित करने का माध्यम है। उन्होंने प्रतिभागियों को 'करके सीखने' की भावना को अपनाने तथा समाज सेवा में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। शिविर के पहले दिन का आरंभ ध्वजारोहण और प्रार्थना सभा से हुआ, जिसमें सभी स्काउट्स एवं गाइड्स ने एक स्वर में प्रार्थना गीत गाकर सकारात्मकता और एकता का संदेश दिया। इसके पश्चात बच्चों में टीमवर्क, तत्परता और नेतृत्व क्षमता का परीक्षण किया गया। दोपहर सत्र में क्वीज आयोजित की गई, जिसमें स्काउटिंग–गाइडिंग के इतिहास, नियमों, प्रतिज्ञा, और राष्ट्रीय प्रतीकों से संबंधित प्रश्न पूछे गए। प्रतिभागियों ने अद्भुत ज्ञान और तत्परता का परिचय दिया।

आयोजन

## लैब तकनीशियन स्वास्थ्य सेवा की रीढ़ : डीन



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ आयु विज्ञान संस्थान में शुक्रवार को मेडिकल लैब टेक्नीशियन दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिम्स के अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति थे। उनके द्वारा सूक्ष्मजीव विज्ञान के जनक एंटोनी ल्यूवेनहॉक के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर माइक्रोबायोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ रेखा बरापात्रे, पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ रश्मि गुप्ता, बायोकेमेस्ट्री विभागाध्यक्षडॉ. मनीष साहू सहित लैब टेक्नीशियन देव सिंह मार्को, संजय दुबे, देवेंद्र शर्मा, जया शाह, पिंकी वाधवानी, रविंद्र पांडे, दुष्यंत राय, अरुण मैरोलिया, शेवता वर्मा, वर्षा राय, आबिद बेगम एवं अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। अधिष्ठाता डॉ रमणेश मूर्ति ने कहा स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था में मेडिकल लैब टेक्नीशियन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। किसी भी रोग की सटीक पहचान, उपचार की दिशा और मरीज के जीवन की रक्षा में प्रयोगशाला कर्मियों का अमूल्य योगदान रहता है। यह वह वर्ग है जो पर्दे के पीछे रहकर भी हर चिकित्सक का सबसे भरोसेमंद सहयोगी होता है। इनकी निष्ठा, परिश्रम और तकनीकी दक्षता से ही सटीक निदान संभव हो पाता है। उन्होंने आगे कहा कि सिम्स संस्थान लगातार अपनी प्रयोगशालाओं को आधुनिक उपकरणों और नवीनतम तकनीकों से सुसज्जित कर रहा है, जिससे प्रदेशवासियों को उच्च गुणवत्ता की जांच सेवाएँ उपलब्ध कराई जा सकें। कार्यक्रम में वक्ताओं ने मेडिकल लैब टेक्नीशियन दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर भी प्रकाश डाला और एंटोनी ल्यूवेनहॉक के वैज्ञानिक योगदान को नमन किया।

कार्यक्रम

## वृद्धाश्रमों में सामाजिक संगठनों पुलिस विभाग ने मनाई दिपावली



**बिलासपुर।** यातायात पुलिस, नागरिक संगठनों एवं समाजशावी संस्थाओं के द्वारा शहर के शेल्टर होम के बालक बालिका आश्रम में निवासरत बच्चों के मध्य जाकर फुलझड़ियां जलाई, फटाखे फोड़े एवं बैलून सजाकर घर से बाहर बच्चों के साथ इस दीपावली उत्सव मनाया गया। वृद्धाश्रम में निवास वरिष्ठ जनों को शाल, श्रीफल एवं दीपावली की मिठाइयां बांटकर परिसर को बैलून से सजाकर दीपावली के इस पर्व को हर्ष, आनंद, उल्लास और उत्साह से मनाई गई। वहीं उनके साथ दीपावली के पर्व पर पटाखे एवं फुलझड़यिां जलाकर उन्हें भी दीपावली के इस अवसर में प्रफुल्लित एवं आनंदित भाव से सम्मिलित किया गया। वृद्ध सदस्यों ने अत्यंत भावुक मन से अपने अतीत को याद करके उपस्थित सभी संगठनों के साथ अपनी अतीत की यादों को साझा किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे, यातायात विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी एवं स्वयं सेवी संस्था स्वयं सिद्धा फाउंडेशन के अध्यक्ष चंचल सलूजा, एवं सदस्य ज्योति मिश्रा, सरभजित कौर, शेखर सरकार व अन्य सामाजिक संगठन के सदस्यगण उपस्थित थे।

# नहाय-खाय के साथ आस्था का महापर्व शुरू होगा आज से

नहाय-खाय के साथ लोक आस्था का महापर्व छठ शनिवार से आरंभ हो जायेगा, इसे लेकर एक दिन पूर्व से ही परिवार में उत्सवी वातावरण नजर आने लगा है। नहाय-खाय के अगले दिन रविवार को पूरे दिन निर्जला उपवास रख व्रती संध्या काल खरना करेंगे वहीं अगले दिन सोमवार को महापर्व छठ का पहला अर्घ अस्ताचलगामी सूर्य को अर्पित किया जायेगा।

**बिलासपुर।** मंगलवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ अर्पण के संग सूर्योपासना का यह महापर्व संपन्न होगा। इसके साथ ही 36 घंटे का निर्जला उपवास व्रती समाप्त हो जाएगा, नहाय-खाय के दिन सुबह व्रती पवित्र जल से स्नान करेंगे। भगवान सूर्य को अर्घ देने के पश्चात पूजा-अर्चना करेंगे, नये परिधान धारण कर व्रती नहाय-खाय करेंगे। महिलाएं नाक से सिंदूर कर पूजन करेंगी. नहाय-खाय के लिए व्रती के संग घर की अन्य महिलाएं मिट्टी के नये चूल्हे पर अरवा भोजन पकायेंगी। इसमें अरवा चावल का भात, मूंग की दाल, कद्दू की सब्जी, अन्य सब्जी, तरूआ आदि पकाया जायेगा। इस भोजन में हल्दी का प्रयोग निषिद्ध होता है, वहीं सामान्य नमक की जगह सेंधा नमक का उपयोग करने का विधान है। संध्या काल मिट्टी के चूल्हे पर ही खुद धो-कूटकर तैयार गेहूं के आंटा की रोटी और सब्जी बनाई जाएगी, जिसे व्रती ग्रहण करेंगे। कद्दू की सब्जी ग्रहण करने की परंपरा है, लिहाजा एक दिन पूर्व से ही बाजार में कद्दू की मांग बढ़ गयी दुकानदारों ने भी पर्याप्त मात्रा में कद्दू सजा रखे थे।



### चार दिन चलेगा पर्व

छठ पूजा समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष छठ महापर्व 25 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक मनाया जाएगा, 25 को नहाय-खाय के साथ महापर्व का शुभारंभ और संध्या को अरपा मैया की महाआरती होगी। 26 को खरना का प्रसाद तैयार किया जाएगा। 27 को संध्या अर्घ्य सूर्यास्त के समय अर्घ्यदान होगा। 28 को प्रातः अर्घ्य के पश्चात इस महापर्व का सामापन हो जाएगा।



### चाक-चौबंद रहेगी सुरक्षा व्यवस्था

छठ महापर्व के दौरान सुरक्षा को लेकर पुलिस विभाग द्वारा मुस्तैदी से पुलिस व्यवस्था की गई है। पूरे क्षेत्र में 300 से अधिक पुलिस जवान तैनात रहेंगे, जो घाट, सड़कों और पार्किंग स्थलों पर निगरानी रखेंगे। पूरे घाट क्षेत्र को सीसीटीवी कैमरों से कवर किया जाएगा और ड्रोन कैमरे भी निगरानी में लगाए जाएंगे। घाट पर पुलिस का एक कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा। आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए फायर ब्रिगेड, एसडीआरएफ टीम, और स्वास्थ्य विभाग की टीमें भी मौके पर मौजूद रहेंगी।

### माता अरपा की महाआरती में शामिल होंगे केन्द्रीय मंत्री साहू, उपमुख्यमंत्री साव

छठ महापर्व की तैयारियां छठपूजा समिति द्वारा जिला प्रशासन नगर निगम के सहयोग से पूरी कर ली गई है। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन के निर्देशो पर कार्य किया जा रहा है। 25 अक्टूबर को छठघाट पर माता अरपा की महाआरती से 3 दिवसीय व्रत का शुभांरभ होगा। छठपूजा समिति के अभय नारायण राय ने बताया कि बताया कि अरपा महाआरती



में शामिल होने मुख्य अतिथि श्री श्री 1008 त्यागी प्रेमदास महराज ब्रम्ह बाबा मंदिर उपस्थित रहेंगे। अन्य अतिथियों में केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री अरूण साव, विधायक अमर अग्रवाल, धरमलाल कौशिक, धरमजीत सिंह, सुशांत शुक्ला, अटल श्रीवास्तव, दिलीप लहरिया, महापौर पूजा विधानी, निगम सभापति विनोद सोनी, जिपं अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी शामिल होंगे।

माता आरपा की महाआरती पिछले 15 वर्षो से की जा रही है जिसका उद्देश्य अरपा के पर्यावरण को शुद्ध रखना। छठ समिति ने नागरिको से अधिक से अधिक संख्या में महाआरती में शामिल होने की अपील की है।

### पदाधिकारी तैयारी में जुटे

छठ महापर्व की शुरूआत 25 अक्टूबर को नहाय-खाय से होगी। 26 अक्टूबर को व्रती अपने-अपने घरो में खरना का प्रसाद ग्रहण करेंगे। 27 अक्टूबर को शाम को डूबते सूरज को अर्घ दिया जाएगा। 28 अक्टूबर को सुबह उदईमान सूर्य को अर्घ देकर व्रत सम्पूर्ण होगा। महाआरती पर समिति 2100 दियो का दीपदान करेगी। महाआरती के तैयारी में समिति के पदाधिकारी लगे हुए हैं। छठपूजा समिति में संचालन के लिए पांच सदस्य बनाए गए हैं। इसमें प्रवीण झॉ, डॉ. धर्मेन्द्र दास, अभयनारायण राय, सुधीर कुमार झॉ, बी.एन. ओझा सदस्य हैं। पाटलीपुत्रा सांस्कृतिक विकास मंच, भोजपुरी समाज, स्वामी सहजानंद सरस्वती समाज के सभी पदाधिकारी आवश्यक तैयारी में जुटे हैं।

# देवउठनी एकादशी 1 को, शहनाइयों की गूंज से होंगे मंगल कार्य

**बिलासपुर।** 5 माह से बंद शहनाइयों की गूंज अब 1 नवंबर से गूंजने लगेगी, देवउठनी एकादशी से मंगल कार्य शुरू हो जाएंगे। ज्योतिषाचार्यों ने बताया कि वैदिक पंचांग के अनुसार कार्तिक शुक्ल एकादशी 1 नवंबर को सुबह 9: 11 बजे शुरू होगी, जो 2 नवंबर सुबह 7:31 बजे तक रहेगी। ऐसे में देवउठनी एकादशी 1 नवंबर को मनाई जाएगी। इस दिन भगवान विष्णु योग निद्रा से जागते हैं जब भगवान विष्णु योगनिद्रा से जागेंगे और इसके साथ ही सभी शुभ कार्यों का सिलसिला शुरू होगा।

ज्योतिषाचार्य जागेश्वर अवस्थी ने बताया कि नवंबर और दिसंबर की शुरुआत में कई विवाह मुहूर्त उपलब्ध रहेंगे, लेकिन 16 दिसंबर से खरमास के कारण शुभ कार्य स्थगित रहेंगे। तुलसी पौधे का विवाह भगवान शालीग्राम भगवान विष्णु उनके अवतार कृष्ण का रूप माने जाते हैं,प्रतिवर्ष कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को मनाया जाता है इसे मानसून की समाप्ति और विवाह के लिए शुभ समय की शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन तुलसी-शालीग्राम का विवाह कराने से घर मे मंगलिक कार्य होने लगते है और कन्यादान के समान ही फल प्राप्त होता है। भगवान विष्णु के चार महीने के शयन काल देवशयनी एकादशी से देवउठनी एकादशी तक जगने के बाद मंगलिक कार्य रुके हुये थे जो माता तुलसी का विवाह करके प्राम्भ किये जाते है। तुलसी माता लक्ष्मी का स्वरूप माना जाता है,और यह विवाह वैवाहिक जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली लाता है।


■ नवंबर माह में अधिक मुहुर्त, 16 दिसंबर से लग जाएगा खरमास

### शुभ मुहुर्त पर होगी पूजा

हर साल कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को देवउठनी एकादशी का व्रत रखा जाता है। देवउठनी एकादशी की तिथि इस बार 1 नवंबर को सुबह 9 बजकर 11 मिनट पर शुरू होगी और तिथि का समापन 2 अक्टूबर को सुबह 7 बजकर 31 मिनट पर होगा। इसलिए उदयातिथि के अनुसार देवउठनी एकादशी 1 नवंबर को ही मनाई जाएगी। इस व्रत का पारण 2 नवंबर को दोपहर 1 बजकर 11 मिनट से शुरू होकर 3 बजकर 23 मिनट तक होगा।



### 2 नंबबर को पूजा करना शुभ नहीं

पंडित ने बताया कि 2 नंबबर को भी मुहुर्त है,मगर इस दिन रविवार होने की वजह से तुलसी को छूना वर्जित होता है,इस वजह से 1 नंबबर शनिवार को पूजा करना अधिक लाभकारी रहेगा। 1 तारीख को दिनभर अच्छा समय है।

### शुभ विवाह मुहूर्त

इस बार नवंबर में 15 दिन विवाह के मुहूर्त रहेंगे, नवंबर माह में 2 नवंबर, 3, 5, 8, 12, 13, 16, 17, 18, 21, 22, 23, 25, 30 नवंबर को विवाह के मुहूर्त है। दिसंबर में 4, 5, 6 दिसंबर को विवाह के मुहूर्त हैं इसके बाद विवाह नहीं होंगे, मलमास लगने से 14 जनवरी तक विवाह आदि बंद हो जाएंगे। इसके बाद 14 जनवरी के बाद से विवाह शुरू होंगे। कुल मिलाकर जनवरी में चार दिन मुहूर्त हैं, 16 जनवरी, 23, 25 व 28 जनवरी को विवाह मुहूर्त रहेंगे।

### शिव अनुराग भवन में आध्यात्मिक कार्यक्रम

ब्रह्माकुमारीज़ शिव अनुराग भवन राजकिशोर नगर सेवाकेन्द्र में भाई दूज के अवसर पर ब्रह्मा कुमारी मंजू दीदी ने भाई दूज की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि आत्मिक दृष्टि व संबंधों में पवित्र भाव को बढ़ाने की बात कही।



## भाई दूज पर परमात्मा की शिक्षा है संबंधों में पवित्रता व मन की शुद्धता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दीदी ने कहा भाई दूज हमें याद दिलाता है कि हम सभी आत्माएँ भाई-भाई हैं। संगम युग में शिव बाबा ने यह दिव्य दृष्टि सिखाई कि संबंध पवित्र हों और मन शुद्ध रहे। स्व-उन्नति के लिए दीदी ने सिखाया कि स्वयं पर अटेंशन दें, समय से पहले परिवर्तन करें, और हमारा पुरुषार्थ किसी पर आधारित न हो। उन्होंने बताया कि केवल वर्तमान संगमयुग में ही हम भगवान के मददगार बन सकते हैं। सभी के प्रति शुद्ध भाव, आत्मीय भाव ही भगवान को हमारी मदद है जो हमें सतयुग और त्रेता युग में समर्थ और आत्मनिर्भर भी बना देता है। दीदी ने कहा सेवा के बिना जीवन नहीं। हर संकल्प, समय, वृत्ति और कर्म द्वारा सेवा करने वाला ही सच्चा सेवाधारी है। इस भाई दूज पर, मंजू दीदी ने संदेश दिया कि जैसे चाँद अंधकार में प्रकाश फैलाता है, वैसे ही हमें अपने आत्मिक प्रकाश से दूसरों के जीवन में शांति और पवित्रता फैलानी चाहिए।

स्पोटर्स न्यूज

## मार्शल आर्ट में बोदरी के दो खिलाड़ियों ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गोवा में होने वाली राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में नगर पालिका परिषद बोदरी के दो खिलाड़यिों का चयन राज्य शासन द्वारा मार्शल आर्ट खेल के लिये किया गया है। दोनों खिलाड़यिों द्वारा नगर को गौरवान्वित करने पर नगर पालिका कार्यालय परिसर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया।



कार्यक्रम में खिलाड़ी साक्षी ध्रुव व भावना धुरी को अध्यक्ष नीलम विजय वर्मा द्वारा प्रोसहन राशि देकर,नगर पालिका परिषद बोदरी के वरिष्ठ नेता कृष्ण कुमार कौशिक द्वारा शाल श्री फल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दोनों खिलाड़ियों का सम्मान करने के लिये सभापति फिरतुराम बनवरे,सभापति विजय वर्मा,पार्षद हीरालाल लोधी,पार्षद सुरेश केंवट, पार्षद रोहित साहू, सुनील वर्मा, पार्षद जोहित धुरी, विष्णु साहू, द्वारका सूर्यवंशी, रामक्लेश साहू आदि उपस्थित जनों ने दोंनो खिलाड़ियों को सम्मानित कर बधाई दी गई।

## पुरस्कृत किए जाएंगे पदक प्राप्त खिलाड़ी और प्रशिक्षक

प्रदेश एथलेटिक्स संघ ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त खिलाड़ी व प्रशिक्षकों को पुरस्कार देकर सम्मानित करने का निर्णय लिया है। संयुक्त सचिव और प्रवक्ता हेमंत सिंह परिहार ने बताया कि 40वीं जूनियर राष्ट्रीय एथलेटिक्स ओडिशा के भुवनेश्वर में 10 से 14 अक्टूबर तक आयोजित की गई थी। इसमें प्रदेश एथलेटिक्स की टीम में शामिल तीन खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पदक प्राप्त किया था, जिसमें अमित कुमार ने 5000 मीटर रेस वॉक प्रथम स्थान, तारनिका टेटे ने लंबी कूद में द्वितीय स्थान और राहुल कुमार वर्मा ने पदक प्राप्त किया था। इन खिलाड़ियों के साथ संघ के चयनकर्ता रायपुर के रविशंकर धनगर, बेमेतरा के अरूण कुमार पाल, बिलासपुर के गुरमीत अग्रवाल, दुर्ग के डॉ.मेजर सिंह और टीम के प्रबंधक परमेश्वर राम भगत थे। सभी प्रशिक्षकों और खिलाड़ियों को पुरस्कार देने का निर्णय लिया गया है। पुरस्कार की श्रेणी में बिलासपुर के द्रोणाचार्य अवार्डी जसविंदर सिंह भाटिया, आंचल भगत, आदिती, सुनीथी निषाद, कपिल चौधरी, हिमांशु चंद्राकर, संदीप कुमार, स्नेहा यादव, अनिरूद्ध कुमार, रश्मि साहू, पीजी जयकृष्णनन भी शामिल किए गए हैं।

### जिला व नगर की कबड्डी टीम पेण्ड्रा रवाना

25वीं राज्य स्तरीय सबजूनियर बालक-बालिका कबड्डी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए बिलासपुर जिला और बिलासपुर नगर की टीम नर्मदा एक्सप्रेस से पेण्ड्रा के लिए रवाना हो गई है। एनआईएस कबड्डी कोच ओमकार जायसवाल ने बताया कि गौरेला पेण्ड्रा मरवाही जिला कबड्डी संघ की मेजबानी में 25 से 27 अक्टूबर तक राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले बिलासपुर जिला और नगर की टीम में शामिल खिलाड़ियों के लिए 15 दिवसीय प्रशिक्षण कैंप कबड्डी प्रशिक्षण केन्द्र चिंगराजपारा में लगाया गया था, जिसमें खिलाड़ियों को कबड्डी के अफेसिव स्कील व डिफेनसीव स्कील सिखाया गया। नगर बालक वर्ग की टीम में नवीन साहू कप्तान, शिखा खैरवार, भूषण पटेल, तुषार देवांगन, सागर देवेन्द्र, मोहन प्रधान, जितेन्द्र करशायल, मोहन प्रधान, विवेक प्रधान, भव्य पटेल, मधुकुमार यादव, अमन, समर पोर्ते, संदीप, कोच महेन्द्र पटेल, मैनेजर आशीष मिश्रा, बालिका वर्ग में कप्तान शीतल साहू, नीलम खांडे, माही यादव, ईशा साहू, अंकिता कुमारी, मोनिका, नित्या राज, अंशु, अंकिता दीवान, साधना, साक्षी, रौशनी ठाकुर, कोच हीरा महरा, मैनेजर हुलसी श्याम शामिल हैं। इसी तरह बिलासपुर जिले की टीम भी बनाई गई है।

## खबर संक्षेप

### तेज रफ्तार कार ने सरपंच की कार को मारी टक्कर

**बिलासपुर।** ढेका सरपंच को शहर आना भारी पड़ गया। घर लौटते समय अनियंत्रित कार ने उनकी कार को ठोकर मार दी। जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं इस हादसे में सरपंच व उनके साथी बाल-बाल बच गए। पुलिस ने मामले में रिपार्ट दर्ज कर लिया है। सिटी कोतवाली पुलिस के अनुसार मनीष घोरे पिता स्व मेवालाल घोरे ढेका के सरपंच है। 22 अक्टूबर की शाम वे अपने दोस्तों के साथ गांधी चौक आए थे।रात 10 बजे अपने घर के लिए जा रहे थे, इस दौरान उनकी कार क्रमांक सीजी 10 बीएन 6677 को दयालबंद के शीतला मंदिर के पास कार क्रमांक सीजी 10 एफए 2351 के चालक द्वारा तेजी व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया। इसके बाद चालक मौका देखकर भाग खड़ा हुआ हालांकि कार में बैठे लोगों को किसी तरह की चोट नहीं आई है लेकिन कार क्षतिग्रस्त हो चुकी है।

### जगराता देखने गए युवक की बाइक पार

**बिलासपुर।** मंगला धूरीपारा में जगराता देखने के लिए गए युवक की बाइक अज्ञात चोरों ने पार कर दी है। युवक ने मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है। सिविल लाइन क्षेत्र के दीनदयाल कालोनी निवासी कृष्ण कुमार कश्यप पिता रामावतार कश्यप उम्र 44 वर्ष प्राइवेट कार्य करते है। 22 अक्टूबर को वे अपनी बाइक क्रमांक सीजी 10 एएन4570 में जगराता देखने धूरीपारा मोड गए थे। इस दौरान बाइक को लॉक कर जगराता देख रहे थे। करीब एक घंटे के बाद बाइक लेने के लिए पहुंचे लेकिन बाइक मौजूद नहीं थी। अज्ञात चोरों के खिलाफ सिविल लाइन पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है।

### निगमकर्मी की एक्टिवा पार, अपराध दर्ज

**बिलासपुर।** रास्ते में बाइक रोककर प्रसाधन के लिए जाना निगम कर्मी को मंहगा पड़ गया। अज्ञात चोरों ने सड़क पर खड़ी बाइक को देखते-देखते चोरी कर ली है। मामला तारबहार थाने का है। पुलिस के अनुसार निखिल आश्रम बहतराई निवासी ज्ञान सिंह बोहत पिता स्व हरिचरण बोहत निगम कर्मी है। 21 अक्टूबर की शाम करीब 5 बजे अपने भांजा छोटू मोगरे के घर चुचुहियापारा गया था। रात 10.30 बजे लौट रहा था, प्रसाधन के लिए उसने स्टेशन के पास हल्दीराम कैटिन के समीप एक्टीवा क्रमांक सीजी 10 बीएक्स 7433 को खड़ी कर दिया। इस दौरान वापस लौटने तक एक्टीवा चोरी हो चुकी थी। निगमकर्मी ने तारबहार थाने में बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### बरौनी का एक फेरा लगाएगी स्पेशल ट्रेन

**बिलासपुर।** चर्लपल्ली एवं बरौनी के बीच छठ पूजा स्पेशल ट्रेन का परिचालन एक फेरे के लिए किया जाएगा, जिसमें गोंदिया, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर के बीच स्टेशनों के यात्रियों को आरामदायक सफर की सुविधा मिलेगी। यह गाड़ी 07093 चर्लपल्ली-बरौनी बनाकर 25 अक्टूबर को और विपरीत दिशा में 07094 बरौनी-चर्लपल्ली बनाकर 27 अक्टूबर को रवाना होगा। समय सारिणी के अनुसार ट्रेन चर्लपल्ली स्टेशन से ट्रेन 10.00 बजे रवाना होकर बल्लारशाह, गोंदिया, दुर्ग, रायपुर होते हुए बिलासपुर 3.45 बजे से 3.55 तक के उपरांत झारसुगुड़ा, राउरकेला, रांची, धनबाद, चितरंजन, मधुपुर, जसीडीह जंक्शन होकर बरौनी 5.00 बजे और वापसी में बरौनी से 9.30 बजे रवाना होकर बिलासपुर 5.40 बजे होते हुए चर्लपल्ली 20.00 बजे पहुंचेगी।

**मंगलवार से गायब छात्र अपने घर नहीं पहुंचा** | **विश्वविद्यालय में अधिकारियों की बुलाई गई आपात बैठक**

# सेंट्रल यूनिवर्सिटी के हास्टल से छात्र लापता, प्रबंधन में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सेंट्रल यूनिवर्सिटी के हास्टल से बिहार का रहने वाला एक छात्र मंगलवार से लापता है, उक्त छात्र अपने घर भी नहीं पहुंचा है। इधरर विवि के तालाब से एक युवक की लाश मिलने और लापता छात्र से उसका संबंध होने की चर्चा शुरू होने से विवि प्रबंधन में हड़कंप मच गया है। शुक्रवार की देर रात तक विवि में अधिकारियों की बैठक चलती रही। हालांकि पुलिस ने रात तक युवक की लाश की पहचान नहीं होने की बात कही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सीयू के हास्टल से लापता छात्र फिजिक्स थर्ड ईयर में पढ़ता था, मूलतः बिहार निवासी छात्र मंगलवार से लापता है। उक्त छात्र के हास्टल में होने या नहीं होने के



संबंध में विवि प्रबंधन को कोई जानकारी नहीं है। इधर गुरुवार की शाम कुछ लोगों ने विवि परिसरर स्थित एक तालाब में युवक की तैरती हुई लाश देखी, लोगों ने इसकी सूचना कोनी पुलिस को दी। पुलिस ने एसडीआरएफ की टीम की सहायता से लाश को बाहर निकलवाया। उसके बाद मृतक की पहचान कराने की कोशिश की गई, परन्तु उसकी पहचान नहीं हो पाई। पुलिस ने युवक की लाश को सिम्स के मरच्यूरी में रखवा दिया है।

शुक्रवार को विवि के गलियारे में कई तरह की आशंकाएं जताई जाने लगी हैं। बताया जाता है कि तालाब में लाश मिलने के बाद लापता युवक के साथियों ने उसकी तलाश शुरू की, युवकों ने उक्त छात्र के घर फोन लगाया, परन्तु पता चला कि वह अपने घर नहीं पहुंचा है।

लापता छात्र के कपड़ों के आधार पर कुछ छात्र तालाब में मिली लाश छात्र की ही होने की आशंका जताने लगे, हालांकि पुलिस को किसी ने सूचना नहीं दी, परन्तु इस तरह की चर्चा शुरू होने से विवि में हड़कंप मच गया।

### विवि की सुरक्षा पर उठ रहे सवाल

विवि के हास्टल से छात्र के लापता होने और तालाब में एक युवक की लाश मिलने के बाद अब एकबार फिर विवि की सुरक्षा पर सवाल उठने लगे हैं। यूनिवर्सिटी में सुरक्षा के लिए भारी भरकम अमला तैनात रहता है। सभी गेट पर गार्ड रहते हैं, हास्टल में वार्डन व्यवस्था की देखरेख करते हैं, उसके बावजूद विवि के छात्र सड़कों पर किसी भी समय घूमते नजर आते रहते हैं। यहां तक कि रात में भी छात्र हास्टल के बाहर पाए जाते हैं। पिछले दिनों एक छात्रा गायब हो गई थी, बाद में पता चला कि वह अपने घर पहुंच गई है, हास्टल प्रबंधन को छात्र के बाहर जाने के संबंध में कोई जानकारी नहीं थी। इसी तरह रात में एक छात्रा सड़क दुर्घटना की शिकार हो गई थी। वर्तमान में भी छात्र के हास्टल से गायब होने के मामले में किसी वार्डन को जानकारी नहीं है। ऐसे में अब सवाल उठाया जा रहा है कि सुरक्षा के लिए इतना भारी भरकम अमला होने के बाद भी ये घटनाएं क्यों हो रही हैं। कहा यही जा रहा है कि यहां स्टूडेंट्स की सुरक्षा पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### विवि में बैठकों का दौर

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात विवि के सभी अधिकारियों को तलब कर पूछताछ शुरू की गई। देर रात तक अधिकारियों की बैठकें चलती रहीं। छात्र भी लापता छात्र का पता लगाने का प्रयास करते रहे। विवि प्रबंधन ने छात्र के लापता होने या नहीं होने के संबंध में कुछ भी बताने से इनकार कर दिया। दूसरी ओर कोनी पुलिस ने भी तालाब में मिली लाश की पहचान होने की पुष्टि नहीं की है। पुलिस के अनुसार लाश मरच्यूरी में रखवा दी गई है, मृतक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

**लोगों ने कहा- सभी के पास 30 साल पुरानी रजिस्ट्री है और नंबरी जमीन है**

# जवाली नाले पर 40 से अधिक लोगों का 50 फीट तक अवैध कब्जा, प्रशासन के ताजा नोटिस से हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट के आदेश पर राजस्व और नगर निगम की संयुक्त टीम ने जवाली नाले का फिर से सीमांकन किया है। इसकी प्रारंभिक रिपोर्ट भी सामने आ गई है, इसमें 40 से अधिक लोगों का 30 से लेकर 50 फीट तक जमीन पर अवैध कब्जा पाया गया है। गौरतलब है कि इससे पहले भी निगम और राजस्व विभाग की टीम ने सीमांकन किया था। उस दौरान कब्जे वाली दुकानों और मकानों पर रेड मार्किंग की गई थी। अब ताजा नोटिस के बाद क्षेत्र के लोगों में हड़कंप हैं और आरोप लगाया जा रहा है कि एक बिल्डर को लाभ पहुंचाने के लिए प्रशासन जबरदस्ती पूरी जगह खाली करा रहा है जबकि सभी के पास 30 साल पुरानी रजिस्ट्री है और नंबरी जमीन है।

- एक बिल्डर को लाभ पहुंचाने का आरोप

ध्यान रहे कि जवाली पुल पर बनी सड़क पर सालों से कब्जा कर दुकानें और काम्प्लेक्स बना लिए गए हैं। लगातार शिकायतों के बाद निगम ने दो बार सीमांकन कराया। सीमांकन के दौरान 40 के करीब कब्जे उजागर होने के बाद भी प्रभावशाली लोगों के अवैध निर्माण आज भी जस के तस खड़े हैं। हाईकोर्ट के निर्देश पर चार आरआई, पांच पटवारी और एक सब इंजीनियर की टीम ने तेलीपारा रोड तक नाले की जमीन की नापजोख की। टीम को यहां 40 मकान, दुकानें और कुछ खाली प्लाटों पर कब्जा मिला। कई लोगों ने 3 से लेकर 7 फीट तक नाले की जमीन पर अतिक्रमण कर लिया है। दूसरी बार के सीमांकन में कुछ लोगों का 50 फीट तक कब्जा पाया गया है।






**नाले और नजूल की जमीन पर भी कब्जा:** ध्यान रहे कि निगम ने कमल नागवानी, रेश्मा नागवानी और विक्की थदानी के निर्माणों पर कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चला दिया, लेकिन दूसरी ओर प्रकाश आडवाणी, गोपी गंगवानी और अन्य प्रभावशाली लोगों के निर्माणों पर कार्रवाई रोक दी गई। सीमांकन के दौरान नगर निगम व राजस्व विभाग की टीम ने 2 से 3 मीटर तक अतिक्रमण व अवैध निर्माण पर मार्किंग की पर कार्रवाई नहीं की। खास बात रही कि यह निर्माण आवासीय नक्शा पास कराकर किया गया। इस रसूखदार ने नाले की बाउंड्री से लेकर बिल्डिंग तक की करीब 3.9 मीटर जमीन और उससे आगे की 11 मीटर जमीन, जो कि नजूल की है, उसे भी कब्जे में ले लिया गया है।

### 40 करोड़ में 4 एकड़ जमीन बेचने की बात

इस मामले में कुछ व्यापारी और वहां के रहवासियों द्वारा निगम की कार्रवाई को एकतरफा बताते हुए आरोप भी लगाए जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि जवाली नाले के बगल वाली 4 एकड़ जमीन को एक बिल्डर ने 40 करोड़ में खरीदा है। इस जगह पर व्यावसायिक काम्प्लेक्स बनाने की तैयारी है लेकिन मौके पर सड़क 20 फिट की है इसलिए टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से ले आउट पास नहीं हो रहा है क्योंकि इसके लिए 40 फिट की चौड़ी सड़क चाहिए। यह भी ध्यान रहे कि ज्वाली नाले पर 2020 में सड़क बनी थी। उस दौरान निगम ने तेलीपारा तक दोनों तरफ रेलिंग भी बनाई थी। इसके बाद अब कब्जे की बात कहते हुए तोड़फोड़ पर लोग सवाल उठा रहे हैं और आपत्ति जता रहे हैं। इस बारे में निगम आयुक्त से शिकायत भी की गई है। लोगों का कहना है कि निगम अधिकारी सीमांकन की फाइल या कापी भी नहीं दे रहें हैं बस जगह खाली कराने के लिए धमकाया जा रहा है।

### किया गया है सीमांकन

हाईकोर्ट के आदेश पर राजस्व और नगर निगम की संयुक्त टीम ने जवाली नाले का फिर से सीमांकन किया है। इसकी रिपोर्ट के बाद जिन लोगों के कब्जे पाए गए हैं उन्हें हटने के लिए नोटिस जारी किया गया है।

**- अमित कुमार**
निगम आयुक्त

**बच्चों से की गाली गलौच**

# नशे में स्कूल पहुंचा शिक्षक, सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर। मस्तूरी ब्लाक स्थित शासकीय प्राथमिक शाला सोन में एक शिक्षक नशे की हालत में स्कूल पहुंच गया और बच्चों और अन्य शिक्षकों से गाली-गलौच करने लगा। इतना ही नहीं शर्ट उतारकर बच्चों के सामने बैठ भी गया। ऐसी हरकतों से बच्चे डर गए। वीडियो वायरल होने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने शिक्षक को निलंबित कर दिया गया है।

- मस्तूरी ब्लॉक के ग्राम सोन स्थित शासकीय प्राथमिक शाला का मामला

शिक्षा विभाग के मुताबिक मस्तूरी ब्लॉक के ग्राम सोन स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में पदस्थ शिक्षक विश्वकर्मा प्रसाद कश्यप का नशे में वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ हैं। वीडियो में शिक्षक शराब के नशे में क्लासरूम के अंदर महिला शिक्षकों और मासूम बच्चों के सामने अपनी शर्ट उतारकर कुर्सी पर बैठा नजर आ रहा है। स्कूल में पहुंचते ही नशेडी शिक्षक बदतमीजी पर उतर आया। उसने स्टाफ से गाली-गलौज की और क्लास के दौरान बच्चों के सामने ही अभद्र व्यवहार किया। वीडियो में स्पष्ट दिखता है कि शिक्षक की जुबान बुरी तरह लड़खड़ा रही है और वह ठीक से खड़े होने की स्थिति में भी नहीं है। स्कूल प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार, यह शिक्षक अक्सर शराब पीकर ही स्कूल आता है और बच्चों को गाली-गलौज व मारपीट करता है।

### जांच कमेटी ने सौंपा अपना प्रतिवेदन


वीडियो के वायरल होते ही प्रशासन हरकत में आया है। शिक्षा विभाग ने इस कृत्य को अत्यंत गंभीर अनुशासनहीनता मानते हुए शिक्षक विश्वकर्मा प्रसाद कश्यप को निलंबित कर दिया गया है। वीडियो वायरल होने के बाद प्राचार्य शिवराम टंडन और सुनील दत्त को मामले की जांच का जिम्मा सौंपा गया था। दोनों ने स्कूल में जाकर बच्चो व महिला शिक्षकों से बात की। वायरल वीडियो जांच में सही पाया गया। घटना सही पाए जाने दो सदस्यीय टीम की अनुशंसा पर जिला शिक्षा अधिकारी विजय टांडे ने शिक्षक विश्वकर्मा प्रसाद कश्यप को तत्काल निलम्बित कर दिया है।

# वन विभाग के नोटिस से भयभीत लोगों ने की स्थाई पट्टे की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वन मंडल बिलासपुर से नोटिस मिलने के बाद फदहाखार के भयभीत लोगों ने कलेक्टर से मिलकर स्थायी पट्टे की मांग की है, जिसपर कलेक्टर ने उन्हें आश्वासन देकर विदा कर दिया है।

फदहखार के निवासी मनोज लहरे ने बताया कि गणेश नगर नयापारा फदहाखार बिलासपुर और बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में हैं, जहां 9 एकड़ भूमि पर 2000 से अधिक परिवार निवासरत हैं। प्रगति मंच संघर्ष समिति ने आबादी पट्टे की मांग रखी थी, जिसपर राजीव आवास योजना के अंतर्गत सर्वे कराया गया। इसके परिप्रेक्ख्य में नगर निगम बिलासपुर भूमि का चिन्हांकन कर समय-समय पर विकास कार्य कराते आ रही है। रोड, नाली, पानी, बिजली एवं शिक्षा हेतु विद्यालय,




प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र उपलब्ध कराया गया है। उपरोक्त वर्णित भूमि पर 50 वर्षो से परिवारों ने भूमि का अधिकार पत्र पट्टा की मांग की है। राजस्व ग्राम नहीं होने के कारण शासन के अन्य योजना का क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा है। वन विभाग बिलासपुर आए दिन लोगों को नोटिस देकर जगह खाली करने की धमकी देता है, जिसकी वजह से लोग काफी भयभीत हैं।

इसे देखते हुए शुक्रवार को लोगों ने कलेक्टर से मिलकर पट्टा या दूसरे स्थान पर आवास उपलब्ध कराने मांग की है।

# सिम्स में पकड़ा गया दलाल, प्रबंधन ने सिखाया सबक, पुलिस ने भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स में दलालों का चक्रव्यूह काफी पुराना है, यहां दिन के किसी भी समय निजी अस्पतालों के दलाल मरीजों को बरगलाते मिल जाते हैं, दो दिन पहले सिम्स के गार्डों ने एक दलाल को पकड़ लिया, जिसकी जानकारी सिम्स प्रबंधन को दी गई। प्रबंधन ने दलाल को पकड़कर सिटी कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है।

छत्तीसगढ़ आर्युविज्ञान संस्थान (सिम्स) में निजी अस्पतालों का दलाल परिसर में मरीजों को बहला-फुसलाकर अन्य निजी अस्पतालों ले जाने की फिराक में था। इस दौरान दलाल दलाल मरीजों को यह कहकर भ्रमित कर रहा था कि "यहाँ डॉक्टर नहीं हैं" या "यहाँ इलाज का खर्चा अधिक है, जबकि बाहर सस्ता इलाज मिल जाएगा।" घटना 22 अक्टूबर



की सुबह लगभग 6 बजे की है, जहां सिम्स टाइएज वार्ड में अभिषेक निर्मलकर पिता शत्रुघ्न निर्मलकर निवासी उसलापुर मरीजों से अनावश्यक बातचीत कर रहा था। सिम्स के सुरक्षा कर्मियों को उसके व्यवहार पर संदेह हुआ,सुरक्षा सुपरवाइजर लघु शर्मा ने मौके पर पहुँचकर उक्त व्यक्ति से पूछताछ की। इसके बाद सिम्स चौकी के माध्यम से सिटी कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

### सुरक्षा टीम की तत्परता सराहनीय

संस्थान में मरीजों का हित सर्वोपरि हैं। बाहरी व्यक्ति द्वारा मरीजों को गुमराह करने या उपचार में बाधा डालने की कोशिश करने पर कड़ाई से निबटा जाएगा। सुरक्षा टीम की तत्परता काफी सराहनीय है।

-डॉ. रमणेश मूर्ति, डीन

### कार्रवाई की जाएगी

सिम्स में बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए आते हैं। बाहरी व्यक्ति द्वारा मरीजों को भ्रमित करने की कोशिश गंभीर अपराध है। ऐसे लोगों से सख्ती से निबटा जा रहा है। भविष्य में इस तरह की हरकत करने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गार्ड के द्वारा वार्डों में नियमित चैकिंग की जा रही है। संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल प्रशासन और पुलिस को दी जा रही है।

-डॉ लखन सिंह, अधीक्षक



# अशांति फैलाने वाले 5 लोगों पर पुलिस ने की कार्रवाई

**बिलासपुर।** तालापारा में आपसी झगड़ा फसाद करते हुए मोहल्ले में अशांति फैलाने वाले 5 लोगों पर सिविल लाइन पुलिस ने कार्रवाई की है।

पुलिस ने कानून व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों के शामिल लोगों को सबक सिखाया है। सिविल लाइन पुलिस ने आपस में झगड़ा विवाद कर मोहल्ले में दहशत फैलाने के मामले में 5 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। इस दौरान मगरपारा निवासी सूरज पाण्डेय पिता शेखर पाण्डेय उम्र 35 साल, मरार गली मगरपारा निवासी मोहम्मद आरिफ पिता मोहम्मद बसीर उम्र 34 साल,रोहित पटेल पिता राजकुमार पटेल उम्र 24 साल, अनंत मेश्राम पिता अमर मेश्राम उम्र 24 साल,सोनू देवांगन पिता प्रताप देवांगन उम्र 22 साल पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।

हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# सिविल डिफेंस स्टाफ ने यात्री का कराया उपचार


**बिलासपुर।** जोनल रेलवे स्टेशन में मिर्गी दौरे से घायल यात्री को सिविल डिफेंस के स्टाफ ने समय पर इलाज कराकर जान बचाने का काम किया है।

प्लेटफार्म नम्बर तीन पर मिर्गी का मरीज यात्री अचानक प्लेटफार्म पर गिर गया, जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट पहुंची। मौके पर उपस्थित सिविल डिफेंस स्टाफ ने बिना विलंब किए एलाइट हास्पिटल में उपस्थित कर्मचारी की सहायता से यात्री को प्राथमिक उपचार प्रदान किया। इसके उपरांत तत्काल एम्बुलेंस से सिम्स में भेजने का कार्य किया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने कहा कि सिविल डिफेंस की टीम आपातकालीन स्थितियों में अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभा रही है और समाज में मानवीय सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर रही है।



### अटल विवि में 15 नवंबर तक भरा जाएगा नामांकन फार्म

**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी द्वारा सत्र 2025-26 में शिक्षण विभाग एवं संबद्ध समस्त शासकीय एवं अशासकीय कालेजों में स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में नवप्रवेशित नियमित विद्यार्थियों जो यूनिवर्सिटी की परीक्षा में प्रथम बार सम्मिलित होंगे उनके लिए यूनिवर्सिटी के अधिकृत वेब पोर्टल के माध्यम से नामांकन आवेदन आनलाइन भराना शुरू हो गया है। यूनिवर्सिटी द्वारा जारी सूचना के अनुसार आनलाइन नामांकन की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर को समाप्त हो गई है और विलंब शुल्क 250 रुपए के साथ 15 नवंबर तक आनलाइन फार्म भरा जा सकता है। छात्र-छात्राओं द्वारा आनलाइन नामांकन की हार्डकापी, आनलाइन शुल्क की भुगतान की रसीद एवं समस्त आवश्यक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संबंधित कालेज में 18 नवंबर तक जमा करना है।

online Booking:-www.tripuryatra.com

बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरुपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि:- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411